वर्ष-10, अंक-170
इन्दौर, गुरुवार
19 सितम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

दैनिक
राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761

चाणक्य नीति

चाणक्य कहते हैं कि अधिक लाड़ प्यार करने से बच्चों में अनेक दोष उत्पन्न हो जाते हैं। इसलिए यदि वे कोई गलत काम करते हैं तो उसे नजरअंदाज करके लाड़-प्यार करना उचित नहीं है। बच्चे को डाँटना भी आवश्यक है। -चाणक्य

इन्दौर प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

लघु व्यवसायियों को ऑनलाइन बिक्री के लिए उपलब्ध करवाएं सुविधाएं: मुख्यमंत्री

भोपाल, राष्ट्रीय जनभावना।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि छोटे, घरेलू उद्योगों से जुड़े लघु व्यवसायियों को उनके उत्पाद के ऑनलाइन विक्रय की सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कुटीर और ग्रामोद्योग विभाग प्रयास बढ़ाए। अपने पोर्टल के विकास के साथ कुटीर और ग्रामोद्योग विभाग लघु और सूक्ष्म उद्योगों का संचालन करने वाले व्यवसायियों की उन्नति के लिए नोडल विभाग की भूमिका में कार्य करे। प्रदेश में उत्पादित ऐसे उत्पाद प्रदेश और देश में बिकने के साथ ही भविष्य में निर्यात किए जा सकें, इस लक्ष्य को ध्यान में रखकर कार्य किया जाए। भोपाल हाट और प्रदेश के अन्य स्थानों पर महिला व्यवसायियों के लिए साप्ताहिक महिला हाट में विभिन्न उत्पादों की बिक्री की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय में कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि उज्जैन में वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट, जीआई उत्पाद, हस्तशिल्प उत्पाद और अन्य स्थानीय उत्पादों के प्रचार और बिक्री केलिए वन स्टॉप मार्केट प्लेस के रूप में यूनिटी मॉल स्थापित किया जाएगा। यह देश में अपनी तरह का प्रथम यूनिटी मॉल होगा। इस संबंध में कार्यवाही प्रचलन में है। इसके साथ ही नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रेप्यूट में प्रवेश पाने वाले हाथकरघा बुनकरों और श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा के लिए 100 प्रतिशत वित्तीय सहायता देने का संकल्प है, इस दिशा में भी कार्यवाही चल रही है।

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दोना-पत्तल निर्माण जैसे छोटे उद्योगों में पर्यावरण की रक्षा का ध्यान रखते हुए प्लास्टिक के स्थान पर विभिन्न वनस्पतियों से उत्पाद के निर्माण को प्रोत्साहित किया जाए। मूर्ति शिल्पकारों को प्रदेश ही नहीं देश के प्रसिद्ध मूर्ति शिल्पकारों से प्रशिक्षण दिलवाने की व्यवस्था की जाए। प्रदेश के धार्मिक महत्व के स्थानों पर भगवान जी के वस्त्र निर्माण के कार्य के लिए भी स्थानीय व्यक्तियों को दक्ष बनाकर आर्थिक लाभ दिलवाया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कुटीर और ग्रामोद्योग विभाग बांस उत्पादकों को प्रोत्साहन देकर अगरबत्ती निर्माण जैसे कुटीर उद्योगों को लाभान्वित करें। उन जिलों में जहाँ बांस उत्पादन कम है, नदियों के किनारे बांस के सघन रोपण और विकास से जल से होने वाले कटाव को रोकने में सहायता मिलेगी, इसके साथ ही बांस उत्पादन का लाभ भी मिलेगा। हैण्डलूम के लिए महिलाओं को प्रशिक्षण देकर आर्थिक लाभ दिलवाया जाए। लाड़ली बहनों को ऐसे कार्यों से जोड़कर उनकी आमदनी को बढ़ाया जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर शहद संग्रहण का कार्य होता है, लेकिन शहरों में अनेक पुष्प- नर्सरियां होने के बावजूद इस कार्य के लिए वर्तमान में आवश्यक व्यवस्थाएं नहीं है। ऐसे स्थानों पर व्यवस्थाएं और सुविधाएं विकसित की जाएं। इन प्रयासों से नागरिकों को अमानक शहद के स्थान पर शुद्ध शहद प्राप्त होगा और शहद संग्राहक भी आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए कुटीर और ग्रामोद्योग विभाग आवश्यक प्रशिक्षण व्यवस्था करे। बढ़े हुए शहद उत्पादन का विक्रय मृगनयनी और अन्य बिक्री काउंटरों के माध्यम से किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लघु व्यवसायियों को अपने व्यवसाय के उन्नयन के लिए ऋण और अनुदान की अनेक योजनाएं संचालित हैं। विभाग के अधिकारी बैंकों के स्तर पर प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के प्रयास भी करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आगामी दिसम्बर माह में कोलकाता में इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर हो रहा है। इसमें प्रदेश के विभिन्न शिल्पों के प्रदर्शन और विक्रय के प्रयास किए जाएं। बैठक में विभाग की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया गया कि विभाग के अंतर्गत हाथकरघा संचालनालय, रेशम संचालनालय, खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, संत रविदास हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम, मध्यप्रदेश माटी कला बोर्ड, मध्यप्रदेश राज्य हाथकरघा बुनकर सहकारी संघ जबलपुर, मध्यप्रदेश स्टेट सेरिकल्चर डेवलपमेंट एंड ट्रेडिंग को ऑपरेटिव फेडरेशन और मध्यप्रदेश राज्य औद्योगिक सहकारी संघ कार्य कर रहे हैं।

विभाग ने संकल्प पत्र - 2024 के बिन्दुओं पर अमल करते हुए सभी संस्थाओं को सक्रिय किया है। विंध्य हर्बल्स ने ग्वालियर में मधुमक्खी पालकों के हित में शहद प्र-संस्करण इकाई शुरू करने की पहल की है। प्रदेश में इस वित्त वर्ष में 200 हितग्राहियों को कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण देने और पीएमईजीपी में वित्तीय सुविधा देने का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में अगरबत्ती निर्माण से जुड़े 40 हितग्राहियों को प्रशिक्षण दिया गया है। पीएमईजीपी में 9 हितग्राहियों को वित्तीय सुविधा प्रदान की गई है।

हरियाणा में कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र में 7 वादे

महिलाओं को हर महीने 2 हजार, 500 में गैस सिलेंडर

हिसार (एजेंसी)। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने मेनिफेस्टो जारी कर दिया है। दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इसे रिलीज किया। उन्होंने बताया कि कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को हर महीने 2 हजार रुपए देंगे।

बुढ़ापा पेंशन बढ़ाकर 6 हजार की जाएगी। स्स्क्कगारंटी कानून और 300 यूनिट तक फ्री बिजली दी जाएगा। उन्होंने युवाओं के लिए भी घोषणा की। 2 लाख नौकरियां दी जाएंगी। ओल्ड पेंशन स्कीम भी लागू करेंगे। मेनिफेस्टो रिलीज करने के दौरान हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान, पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्?डा और पूर्व विधायक गीता भुक्कल मौजूद रहीं। इसमें कुमारी सैलजा और रणदीप सुरजेवाला शामिल नहीं रहे। इनके अलावा कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, हरियाणा के ऑब्जर्वर राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत, अजय माकन, पंजाब से नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा मौजूद रहे।

वन नेशन वन इलेक्शन प्रस्ताव कैबिनेट में मंजूर

शीतकालीन सत्र में बिल पेश होगा, घोषणा पत्र में भाजपा का वादा था

नई दिल्ली (एजेंसी)। वन नेशन वन इलेक्शन प्रस्ताव को बुधवार को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, शीतकालीन सत्र में बिल पेश किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में वन नेशनल वन इलेक्शन का वादा किया था।

15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से दी गई स्पीच में भी प्रधानमंत्री ने वन नेशन-वन इलेक्शन की वकालत की थी।

उन्होंने कहा था कि बार-बार चुनाव देश की प्रगति में बाधा पैदा कर रहे हैं। वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए बनाई गई पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी ने 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी। रिपोर्ट 18 हजार 626 पन्नों की है। पैनल का गठन 2 सितंबर 2023 को किया गया था। यह रिपोर्ट स्टेकहोल्डर्स-एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद 191 दिन की रिसर्च का नतीजा है। कमेटी ने सभी विधानसभाओं का कार्यकाल 2029 तक करने का सुझाव दिया है।

ब्लास्ट से 18 मौतें, 3000 घायल

लेबनान में इसे क्यों इस्तेमाल कर रहे हिजबुल्लाह लड़ाके, क्या बैटरी हैक करके धमाके किए गए

बेरूत (एजेंसी)। पेजर ब्लास्ट में घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, लेकिन जगह की कमी के चलते फर्श पर ही उनका इलाज किया जा रहा है।

लेबनान के कई शहरों में 18 सितंबर को घरों, सड़कों और बाजारों में लोगों की जेब और हाथ में रखे पेजर अचानक फटने लगे। ब्लास्ट का सिलसिला करीब 1 घंटे तक लेबनान से लेकर सीरिया तक चला। धमाकों में 18 लोगों की मौत हुई, जबकि 3 हजार से ज्यादा लोग जख्मी हो गए।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये हिजबुल्लाह को निशाना बनाकर किए गए सीरियल पेजर ब्लास्ट थे, लेकिन इनमें आम लोग भी हताहत हुए। घायलों में ईरानी राजदूत भी शामिल हैं। हिजबुल्लाह ने धमाकों का आरोप इजराइल पर लगाया है। लेबनान के ज्यादातर इलाके पर हिजबुल्लाह का कब्जा है। इस संगठन ने अपने लड़ाकों को हैकिंग और हमलों के खतरे से बचने के लिए मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने को कहा है। इसी वजह से यहां लोग पेजर का इस्तेमाल करते हैं।

कोलकाता रेप-मर्डर, डॉक्टरों का हड़ताल खत्म करने से इनकार

कोलकाता (एजेंसी)। कोलकाता के जूनियर डॉक्टर्स ने हड़ताल खत्म करने से इनकार कर दिया है। उन्होंने ममता से एक और मीटिंग की मांग करते हुए चीफ सेक्रेटरी मनोज पंत को ईमेल भेजा है, जिसमें कहा गया है कि अभी तक सभी मांगें नहीं मानी गई हैं। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस को लेकर जूनियर डॉक्टरों ने राज्य सरकार से पुलिस कमिश्नर और हेल्थ सेक्रेटरी को हटाने समेत 5 मांगें की थीं। इसके लिए वे 40 दिन से लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। 16 सितंबर को जूनियर डॉक्टर और ममता के बीच मीटिंग हुई थी। इसमें ममता ने डॉक्टरों की 5 में से 3 मांगें मान ली थीं। उन्होंने मंगलवार को पुलिस कमिश्नर विनीत गोयल को पद से हटाया था। उनकी जगह मनोज वर्मा को कमिश्नर बनाया गया। बुधवार सुबह प्रदर्शन जारी रखते हुए डॉक्टरों ने कहा- अभी आधी जीत हुई। हेल्थ सेक्रेटरी एनएस निगम का इस्तीफा जरूरी है।

भारत ने सिंधु जल संधि की समीक्षा के लिए

पाकिस्तान को भेजा नोटिस

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने पाकिस्तान को सिंधु जल संधि की समीक्षा के लिए एक औपचारिक नोटिस भेजा है। नई दिल्ली का कहना है कि परिस्थितियों में मूलभूत और अप्रत्याशित बदलाव हुए हैं, जिससे इस समझौते का पुनर्मूल्यांकन जरूरी हो गया है। सरकारी सूत्रों ने बुधवार को बताया कि यह नोटिस 30 अगस्त को सिंधु जल समझौते के अनुच्छेद 12 (3) के तहत भेजा गया है। इस समझौते पर भारत और पाकिस्तान ने 19 सितंबर 1960 को हस्ताक्षर किए थे। जिसमें विश्व बैंक भी एक हस्ताक्षरकर्ता था। इस संधि का मकसद दोनों देशों के बीच जल वितरण पर सहयोग और

जानकारी का आदान-प्रदान करना है। भारत ने इस नोटिस में कुछ प्रमुख चिंताओं का का जिक्र किया है, जैसे जनसंख्या परिवर्तन, पर्यावरणीय मुद्दे और स्वच्छ उर्जा के विकास की जरूरत।

आतिशी 21 सितंबर को शपथ ले सकती हैं

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के उपराज्यपाल (स्त्र) विनय कुमार सक्सेना ने बुधवार को अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को मंजूरी के लिए भेज दिया। साथ ही उन्होंने नई मुख्यमंत्री आतिशी के शपथ ग्रहण के लिए 21 सितंबर की तारीख का प्रस्ताव भी राष्ट्रपति को भेजा है। इधर, मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे चुके अरविंद केजरीवाल अपना सरकारी आवास छोड़ेंगे। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने बुधवार को कहा कि हमने सुरक्षा को लेकर उनसे कहा कि सरकारी आवास ना छोड़ें, लेकिन वे नहीं माने। एक दिन पहले 17 सितंबर को,क्क विधायक दल की मीटिंग में आतिशी को मुख्यमंत्री चुना गया था। इसके बाद केजरीवाल ने शाम को स्त्र विनय सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया था।

उत्तर कोरिया ने किया बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण

प्योंगयांग, (एजेंसी)। उत्तर कोरिया ने कथित तौर पर दूसरी बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण किया है। समाचार एजेंसी क्योदो ने बुधवार को जापान तटरक्षक बल के हवाले से यह जानकारी दी। वहीं, दक्षिण कोरियाई समाचार एजेंसी योनहाप ने देश के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के हवाले से बताया कि प्योंगयांग द्वारा हाल ही में फिर से किए गए प्रक्षेपण में कई छोटी दूरी की मारक बैलिस्टिक मिसाइलें शामिल थीं। इससे पहले, समाचार एजेंसी क्योदो ने बताया कि उत्तर कोरिया ने आज एक बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण किया।

जवान ने साथियों पर फायरिंग की, दो जवानों की मौत

रायपुर (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ में बुधवार को छत्तीसगढ़ आर्म्ड फोर्स (CAF) के जवान ने खाने के दौरान मिर्च नहीं देने पर सर्विस राइफल से फायरिंग कर दी। एक जवान की मौत गोली लगने और दूसरे की मौत सदमे में हो गई। वहीं, दो जवान घायल हैं। इनमें एक के दोनों पैरों में बुलेट धंसी हैं, दूसरे को छूते हुए निकल गई। कुसमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दोनों को भर्ती कराया गया है। मामला बलरामपुर जिले के सामरी थाना इलाके भुताही कैंप का है। गोली चलाने वाले जवान का नाम अजय सिदार है। वह CAF की11वीं बटालियन में तैनात है। गोलियां चलने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे जवानों ने अजय को काबू में किया।

उत्तर कोरिया ने किया बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण

प्योंगयांग, (एजेंसी)। उत्तर कोरिया ने कथित तौर पर दूसरी बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण किया है। समाचार एजेंसी क्योदो ने बुधवार को जापान तटरक्षक बल के हवाले से यह जानकारी दी। वहीं, दक्षिण कोरियाई समाचार एजेंसी योनहाप ने देश के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के हवाले से बताया कि प्योंगयांग द्वारा हाल ही में फिर से किए गए प्रक्षेपण में कई छोटी दूरी की मारक बैलिस्टिक मिसाइलें शामिल थीं। उत्तर कोरिया ने आज एक बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण किया।

संपादकीय

क्षमा है युद्ध एवं शत्रुता का समाधान

दिगम्बर जैन समाज का सबसे अहम आत्म शुद्धि का महापर्व दशलक्षण पर्व इस वर्ष भादो सुदी पंचमी 8 सितम्बर से प्रारंभ होकर अनंत चतुर्दशी 17 सितम्बर तक मनाया जा रहा है। उत्तम क्षमा से प्रारम्भ होकर क्षमावाणी पर्व पर यह संपन्न होगा, दस दिनों तक क्रमशः दस धर्मों की आराधना की जाती है। पूरे विश्व के दिगम्बर जैन धर्म के अनुयायी इस पर्व को बड़े ही उत्साह व आत्मीयता से मनाते है। दशलक्षण पर्व के दिनों में क्रमशः उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम शौच, उत्तम सत्य, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, उत्तम आकिंचन तथा उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की आराधना की जाती है। ये सभी आत्मा के धर्म हैं, क्योंकि इनका सीधा सम्बन्ध आत्मा के कोमल परिणामों से हैं। इस पर्व का एक वैशिष्ट्य है कि इसका संबंध किसी व्यक्ति विशेष से न होकर आत्मा के गुणों से है। इस प्रकार यह गुणों की आराधना का पर्व है। इन गुणों से एक भी गुण की परिपूर्ण हो जाये तो मोक्ष तत्व की उपलब्धि होने में किंचित भी संदेह नहीं रह जाता है। मानव इन दस धर्म को अपने जीवन मे अपनाकर अपने जीवन का धार्मिक, सामाजिक, पारिवारिक एवं व्यक्तिगत रूप से उन्नयन कर सकता है, इन दिनों मे सभी दिगम्बर जैन मंदिरों मे प्रातः से ही भक्तों का अम्बार लग जाता है। उत्तम क्षमा से प्रारम्भ होने वाला यह पर्व अश्विन कृष्ण एकम को क्षमावाणी पर्व पर सम्पन्न होता है, क्षमावाणी दिवस पर सबसे अपने भूलों की क्षमा याचना की जाती है। इस दिन श्रावक (गृहस्थ) और साधु दोनों ही वार्षिक प्रतिक्रमण करते हैं। पूरे वर्ष में उन्होंने जाने या अनजाने यदि संपूर्ण ब्रह्मांड के किसी भी सूक्ष्म से सूक्ष्म जीव के प्रति यदि कोई भी अपराध किया हो, तो उसके लिए वह उनसे क्षमा याचना करता है। अपने दोषों की निंदा करता है और कहता है- मेरे सभी दुष्कृत्य मिथ्या हो जाएं। क्षमावाणी पर्व पर हर मंदिरों मे क्षमावाणी अभिषेक के पश्चात् क्षमावाणी पर्व मनाया जाता है, इसके माध्यम से एक दूसरे के हृदय की मलीनता दूर की जाती है। क्षमा आत्मा का स्वभाव है। क्षमा पृथ्वी का नाम है। जिस प्रकार पृथ्वी तरह-तरह के बोझ को सहन करती है, इसी प्रकार चाहे कैसी भी विषम परिस्थिति आए, उसमें भी अपने मन को स्थिर रखना, अपने भीतर क्रोध रूप परिणत न करना क्षमा है। उत्तम क्षमा के धारक पुरूष को मात्र अपने आत्मा की शुद्धि ही साध्य है। क्षमा ब्रह्म है, क्षमा सत्य है, क्षमा तप है, क्षमा पवित्रता है, क्षमा ने ही सम्पूर्ण जगत को धारण कर रखा है। क्षमा को धारण करने वाले इंसान ऋजु होते हैं, उनके कर्म संस्कार क्षय होते हैं जबकि जो कुटिल होते हैं, उनके कर्म संस्कार सचित रहते हैं। हंस और बगुला लगभग एक से लगते हैं, किंतु उन दोनों के स्वभाव में बड़ा अंतर होता है। यही कारण है कि हंस से लोग प्रेम करते हैं और बगुले से द्वेष करते हैं। जिस प्रकार बीज बोने के लिए जमीन पर हल, चलाकर उसे अच्छी तरह जोतकर तथा कूड़ा-करकट से रहित कर साफ किया जाता है उसी प्रकार क्षमा रूपी बीज का वपन करके मन रूपी भूमि को मांजा जाता है एवं आत्मा की निर्मलता के द्वारा उत्तम चरित्र रूपी फल की उपलब्धि सुनिश्चित की जाती है। दुनिया में आज जितने भी अनर्थ और पापकर्म होते हैं, चाहे हिंसा के रूप में हो, आतंक के रूप में हो, शोशण के रूप में हो वे सब क्षमा के अभाव में ही होते हैं। जो परस्त्री और परपदार्थों के प्रति निःस्पृह है, समस्त प्राणियों के प्रति जिसका चित्त अहिंसक है और जिसने दुर्भेद्य अंतरंग मन को धो लिया है ऐसा पवित्र हृदय ही क्षमा धर्म की पात्रता को धारण कर सकता है। यदि कोई व्यक्ति इस पवित्र एवं पावन दिवस पर भी दिल में उलझी गांठ को नहीं खोलता है, तो वह अपने सम्यग्दर्शन की विशुद्धि में प्रश्न चिन्ह खड़ा कर लेता है।



चिंतन-मनन

अनमोल हैं कड़वे बोल

किसी ने कहा है कि अंधेरे में माचिस तलाशता हुआ हाथ, अंधेरे में होते हुए भी अंधेरे में नहीं होता, इस तलाश को अपने भीतर निरंतर जीवित रखना कोई साधारण बात नहीं है, परंतु जो लोग सफर की हदों को पहचानते हैं, जिन्हें हर मंजिल के बाद किसी नए सफर पर चल पड़ने की लत है, उनके भीतर से यह खोज कभी खत्म नहीं होती। अचूक शैली में, अपने क्रांतिकारी विचारों से लोगों को अपनी ही खोज के तौर तरीके बताने वाले राष्ट्रसंत मुनि तरुणसागर जी महाराज की वाणी सहज आकर्षण का विषय बन गई है। ऐसे समय में जब अपने हक में हर खुशी बटोर लेने की अदम्य लालसा लोगों को दुनिया के दुख दर्द से कोसों दूर ले जा रही है। मुनि श्री दुनिया को खुशी और गम की सही परिभाषा बता रहे हैं। यह सिर्फ संयोग नहीं है कि वे जहां भी पहुंचते हैं, सबसे पहले यही कहते हैं कि मैं कथा सुनाने नहीं जीवन की व्यथा सुनाने आया हूं। यह व्यथा घर-घर की कहानी है, जिसे एक बड़े आईने की शक्ल में सामने रखकर मुनि तरूण सागर जी पुकार कर कह उठते हैं कि इसे न तो ठुकराओ, न ही झुठलाने की कोशिश करो, बेहतर यही है कि इस व्यथा के बीच से ही जीवन का रस हासिल कर लो। मुनि तरुण सागर जी के बोल, सुनने वाले को भावित-प्रभावित तो करते ही हैं, उसे झकझोर कर भी रख देते हैं। उन्हें सुनते समय या पढ़ते समय आप अनुभव करते हैं कि आपकी अपनी जिंदगी एक धारावाहिक के रूप में आपकी आंखों के सामने तैरने लगी है। उनकी वाणी अतीत की जड़ता से उबारने और वर्तमान की लापरवाही के प्रति सचेत करने का काम करती है। वह आपके जख्मों को सहलाने के बदले यदि अधिक कुरदने की मुद्रा में दिख भी रही हो तो भी यह नहीं भूलना चाहिए कि मुनि श्री आपको स्थाई रूप से तंदुरूस्त बनाने का उद्यम कर रहे हैं। सूत्र शैली में संदेश देने वाले मुनि तरूण सागर जी को अपनी वाणी को कड़वे प्रवचन कहने पर इत्मीनान यदि है तो सिर्फ इसलिए कि वे जानते हैं, इंसान की प्रवृत्ति और कभी न बदलने की उसकी जिद इतनी कठिन और जटिल है कि सीधी उंगली से घी निकालना मुमकिन नहीं है।

कहानी

गुरु की प्रेरणा

मेरा नाम रिजवाना है ।मैं कक्षा चार में पढ़ती हूँ। कभी स्नान करने का मेरा मन नहीं करता ।कभी-कभी माँ डांट डपटकर जबरदस्ती नलके के नीचे बैठा देती हैं तो मजबूरीवश नहाना पड़ता है।बालों को धोने की भी इच्छा नहीं होती और पढ़ाई में तो मेरा जी रत्ती भर नहीं लगता ।आसपास के बच्चे मुझे चिढ़ाते हैं क्योंकि मैं अपने बालों को कंघी नहीं करती तो पड़ोस के बच्चे आइल दानिश और यहाँ तक कि पीहू भी मेरे बालों को देखकर कहती है तेरे सर पर चिड़िया का घोंसला है और सारे बच्चे जोर -जोर से हंसने लगते हैं। जैसे ही मैं विद्यालय जाने के लिए घर से निकलती हूँ मेरे पीछे-पीछे कटाक्ष करने वाले बच्चों का हुजूम भी निकलता है ,जो मुझे विद्यालय तक कुछ न कुछ कह कर छेड़ते रहते हैं ।कोई मेरे बालों को तो कोई मेरे गंदे कपड़ों पर टिप्पणी करता रहता है। माँ के लाख समझाने के बावजूद भी मैंने साफ- सफाई की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। ध्यान दूँ भी तो कैसे सब मुझे पगली जो कहते हैं? सारे बच्चे वह देखो पगली चल दी पढ़ने के लिएकहकर मुझे चिढ़ाते हैं। रोज-रोज अपना यह नाम सुनकर मुझे इस नाम से नफरत होने लगी है। अरे मेरा एक नाम है रिजवाना वह तो इस विद्यालय में भी कोई नहीं लेता। यहाँ तक कि सारे शिक्षक - शिक्षिका मुझे हेय दृष्टि से देखते हैं जैसे पता नहीं मेरे आ जाने मात्र से उन्हें कौन सी दुर्गंध आती है जो अपनी नाक पर रूमाल रख लेते हैं या फिर मुझे ऐसे दिखेंगे जैसे मैं कोई गंदा कीड़ा हूँ। मेरा मन किलसकर रह जाता है।इन सब के व्यवहार ने मुझे थोड़ा कठोर बना दिया है। जब बच्चे मुझे ज्यादा चिढ़ाते हैं तो कभी-कभी लंच टाइम में मैं एक दो बच्चे को चपत भी लगा देती हूँ। किंतु बाद में मेरी शिकायत हैड मैडम के पास पहुंचती है और वह मुझे ऐसी फटकार लगाती हैं...ऐसी फटकार लगाती हैं कि फिर मुझे दोबारा से सभी बच्चों के सामने शर्मिंदा होना पड़ जाता है ।मेरे साथ यही क्रम लगभग पिछले 4 वर्ष से चल रहा है। यह स्कूल आठवीं तक का है। एक रोज ऐसा हुआ कि कक्षा में मैंने एक नई टीचर जी को देखा। उनका बात करने का तरीका इतना प्यारा...इतना शालीन...कि वे हर बच्चे से बहुत प्यार से बात करतीं। पहली बार मैंने देखा कि किसी टीचर ने बच्चों को बिना पिटाई किए पढ़ाया है। वह वही नई वाली मैडम जी थीं, जो हाथ में कभी डंडी लेती ही नहीं थी और शब्दों से भी कभी किसी बच्चे को घायल नहीं करती थी। हर बच्चे को प्रेम से अपनी बात समझा देतीं। मैं अधिकांशतया क्लासरूम में सबसे पीछे बैठती थी क्योंकि पढ़ना तो था ही नहीं बस पीछे बैठे-बैठे पेज पर कोई उल्टी सीधी चित्रकारी करती रहती और रंग लेकर लीपापोती करने बैठ जाती। अधिकांश टीचर तो समझते कि पढ़ रही हूँ। कुछ सोचते इसका कुछ नहीं हो सकता क्या पढ़ेगी ..? इसलिए मुझ पर कोई ध्यान भी नहीं देता था ।लेकिन मैं अपना नाम सुनकर चौंक गई ।नई वाली मैडम जी ने मुझे पुकारा

रिजवाना इधर आओ बेटा

मैं हतप्रभ रह गई

अरे मुझे बेटा कहा ..?मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा.. कितना प्यार से बुला रही है.. कहीं मारेंगी तो नहीं.?

मैं उनके पास गई डरते ...सकुचाते.. उन्होंने मेरे सिर पर हाथ फेरते हुए कहा

तुम्हारे बाल तो बहुत सुंदर हैं... शैंपू क्यों नहीं करती इनमें...?

मैं सकपका कर उन्हें देखने लगी

मुझे ऐसे प्रश्न की उम्मीद नहीं थी..

वह मैडम जी.... दरअसल... मम्मी तो कहती है कि रोज नहाया कर

...लेकिन मुझे सब बच्चे चिढ़ाते हैं

...कहते हैं चिड़िया का घोंसला

...चिड़िया का घोंसला... मेरे बालों को देख हँसते हैं.. तो मुझे गुस्सा आने लगता है ...इसीलिए मैं अपने बालों का कुछ भी नहीं करती

...और न ही साफ रहती हूँ..क्योंकि बच्चे मुझे तब भी चिढ़ाएंगे ..कोई फायदा नहीं नहाने का... बाल धोने का... सब मुझसे चिढ़ते हैं

अरे इतनी प्यारी बच्ची से कौन चिढ़ सकता है भला ?देखो तो ...

अपनी प्रशंसा सुनकर रिजवाना मुस्कुरा उठी। उसके चेहरे पर एक अलग ही प्रसन्नता दिखने लगी। जैसे ही कुछ बच्चे उस पर हंसने वाले थे मैडम जी ने उन्हें डांटते हुए कहा

खबरदार जो कोई रिजवाना के लिए उल्टा- सीधा बोला तो.. कल से मैं किसी के भी मुँह से चिड़िया का घोंसला... या ऐसी वैसी उल्टी -सीधी बातें रिजवाना के लिए सुन न लूँ। यह मेरी बेटी है ...जैसे तुम सब मेरे बच्चे हो... समझ गए ...?

बच्चों ने एक स्वर में यस मैम कहा।

रिजवाना खिलखिला कर मुस्कुरा उठी।

पता नहीं क्यों नई टीचर जी की बातें उसे बहुत प्यारी लगीं और टीचर जी भी तो सुंदर हैं, कितना साफ रहती हैं.. कितने अच्छे से कक्षा में पढ़ाती हैं। बिना पिटाई किए ही बच्चों को होशियार बना देती हैं। पता नहीं कोई जादू की छड़ी तो नहीं रखती अपने पर्स में..? वैसे कभी देखी तो वह नहीं ...पर कोई न कोई जादू तो अवश्य ही करती हैं ..अगले दिन से जादू का असर होने लगा ।रिजवाना स्कूल आई तो सारे बच्चे भौचक्के होकर आंखें फाड़े उसे देख रहे थे ।आज उसकी कुर्ती सलवार धुली हुई... प्रेस की हुई थी और कंघे पर सुंदर से नमें रेशमी बाल लहरा रहे थे ।बालों में उसने शैंपू ही नहीं किया था, अपितु कंघी करके बालों को सुंदर सी पोनीटेल बनाकर रखा हुआ था।

कितनी प्यारी लग रही हो .?

विद्यालय में आते ही नई टीचर जी ने रिजवाना को पास बुलाकर उसके बालों को छूते हुए कहा।

वाह कितनी सुंदर चोटी बनाई ह रिजवाना... तुम्हारी चोटी किसने बनाई ?

मम्मी ने ...

मम्मी को मम्मी ही बोलती हो...?

मम्मी जी कहा करो ..ठीक है ...?

ठीक है मैडम जी...आगे से ऐसे ही कहूँगी।

आज किसी ने तुम्हें चिढ़ाया तो नहीं रास्ते में..?

बबलू ने चिढ़ाया था... कह रहा था आज तो हीरोइन लग रही है..

तभी नई वाली टीचर जी ने बबलू को ऊंची आवाज में अपने पास बुलाया

बबलू इधर आओ

आज क्यों चिढ़ाया इसे ..?

मैडम जी कभी इसे देखा नहीं ना इस तरह... नहाए धोए ..तो एकदम से लगा कि हाँ हीरोइन जैसी लग रही है।

सारे बच्चे हंस दिए। नई टीचर जी भी धीरे-धीरे मुस्कुरा दीं।और रिजवाना से बोली

सुनो तुम्हें हीरोइन बनना पसंद है या चिड़िया का घोंसला बनना?

मैडम जी हीरोइन बनना ..टीवी पर देखती हूँ न.. बड़ी प्यारी लगती हैं सब हीरोइन... पर मम्मी मुझे टीवी भी नहीं देखने देती..

हाँ बेटा माँ सही करती हैं। तुम्हारी पढ़ाई का टाइम इसे व्यर्थ जाता है ।सुनो पढ़ाई के बाद थोड़ा समय निकालकर आधे घंटे के लिए टीवी देख लिया करो ।

पता है मैडम जी मुझे घर पर भी सभी चिढ़ाते हैं। पापा... अम्मा.. यहाँ तक कि बड़ी बहन भी... और छोटा भाई भी.. कहते हैं यह तो पगली है पगली ..यह क्या पढ़ेगी? पांचवी के बाद इसका नाम कटवा देंगे..।

ठीक है अबकी बार शिक्षक - अभिभावक मीटिंग में अपनी माताजी को मेरे पास भेज देना।

और फिर अगली बार पेरेंट्स टीचर मीटिंग में रिजवाना की माताजी नई टीचर मैडम जी से मिलने के लिए आई ।साथ में रिजवाना भी थी। रिजवाना ने कान में कुछ कहा जिससे उसकी माँ ने हाथ जोड़कर नई टीचर जी को अभिवादन किया। रिजवाना की माताजी ने बोलना प्रारंभ किया

हमारी रिजवाना आपकी बहुत तारीफ करती है जी मैडम जी। आपने तो इसे बदल ही दिया ।इस पगली को कोई नहीं समझा पाया पर पता नहीं आपने कौन सी घुट्टी इसे पिलाई? आपकी सारी बातें मानती है ।रात को पढ़ती भी है। लेख भी सुधरने लगा है। कहती है बड़ी होकर डीएम बनूंगी। मैडम जी डी0एम0 क्या होता है?

अरे जब बन जाएगी ना रिजवाना ..तब खुद समझ जाएंगी आप...

यह देश का प्रशासनिक सेवा में एक बहुत ही बड़ा और ऊँचा पद होता है ।आप देखना रिजवाना कितना नाम रोशन करेगी आपका । आप बस इसकी पढ़ाई कभी रुकवाना मत और हाँ पापा अम्मा और इसकी बड़ी बहन और छोटे भाई को भी समझा देना कि इसके मुंह पर इस पगली न कहा करें ।

रिजवाना की माता जी को अपनी भूल का एहसास हुआ यदि वही रिजवाना को पागल कहेंगे तो सारी दुनिया ही उसे पागल समझेगी। घर जाकर रिजवाना की माताजी ने सारे परिवार को यह बात बताई जो नई मैडम जी ने उसे पेरेंट्स मीटिंग में कही थी ।सभी को बात समझ में आ गई और सब का व्यवहार रिजवाना के प्रति बदल गया ।अब रिजवाना भी कहां पहले जैसी रह गई थी? पढ़ाई में उसकी लगन और मेहनत धीरे-धीरे रंग लाने लगी। वह कक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने लगी और फिर ऐसा भी समय आया कि उसने कक्षा 5 में अपने विद्यालय को टॉप किया। स्वतंत्रता दिवस पर रिजवाना को नई टीचर मैडम जी ने एक स्कूल बैग उपहार स्वरूप दिया ।रिजवाना उनके पैरों में झुक गई किंतु मैडम जी ने उसे बीच में ही रोक लिया

नहीं नहीं... यह क्या कर रही हो ..?रिजवाना लड़कियाँ पैर नहीं छूती।

नहीं मैडम जी छूने दीजिए।।। आप मेरे लिए मात्र गुरु नहीं... अपितु मुझे बनाने वाली कुम्हार है ।मैं तो पता नहीं किस धुन में रहती थी... कुछ समझती ही नहीं थी ..किसी बात का कोई असर ही नहीं होता था.. किंतु आपने इस अनपढ़ जाहिल पगली लड़की को पढ़ना सिखा दिया। आप जैसा गुरु पाकर मैं धन्य हो गई ।

अरे बहुत बड़ी-बड़ी बातें करने लगी हो .क्या कबीर दास जी को पढ़ रही हो आजकल?

रिजवाना मुस्कुरा कर रह गई ।इसके बाद रिजवाना की पढ़ाई का सफर कभी रुका ही नहीं ।उसने कक्षा 5 के बाद इसी विद्यालय से कक्षा 8 तक की पढ़ाई की। जब नई मैडम जी का ट्रांसफर विद्यालय से हुआ तो रिजवाना फूट फूट कर रोई जैसे पता नहीं कोई अपना ही उससे जुदा हो रहा हो। किंतु मैडम जी के शब्द उसके लिए सदैव ही मार्गदर्शन बन कर रहे ।जाते-जाते भी उन्होंने रिजवाना से यही कहा

रिजवाना हमेशा जीवन में आगे बढ़ाने की कोशिश करना। सीखने की कोई उम्र नहीं होती। व्यक्ति किसी भी उम्र में सीख सकता है। बस सीखने के लिए मेहनत की आवश्यकता होती है ।परिश्रम की चाबी से भाग्य का द्वारा अवश्य ही खुलता है। श्रम करने से ही जीत मिलती है। चींटी को नहीं देखती कितनी बार दीवार पर चढ़ती है... गिरती है... फिर संभालती है... और आखिरकार अपनी मंजिल को प्राप्त कर ही लेती है। तुम भी कभी मत रुकना.. और जो तुमने कहा है उस सपने को अवश्य ही पूरा करना... मेरा आशीर्वाद सदैव ही तुम्हारे साथ रहेगा.. किसी भी मदद की जरूरत हो तो इस मोबाइल नंबर पर तुम मुझसे संपर्क कर सकती हो..

उन्होंने रिजवाना को अपना मोबाइल नंबर भी लिख कर दिया। रिजवाना की आंखों में आभार और असीम श्रद्धा अपनी टीचर जी के लिए उमड़ आई ।वह उनकी सीख को हृदय में धरकर पढ़ाई के क्षेत्र में नाम रोशन करने लगी।

दसवीं कक्षा में उसने अच्छी रैंक

हासिल की फिर 12वीं में उसे छात्रवृत्ति मिली। उसका अच्छा आचरण और पढ़ाई के प्रति लगन देखकर उसकी फीस भी माफ कर दी गई ।उसने प्रथम श्रेणी में स्नातक उत्तीर्ण किया। इसके पश्चात उसने सिविल सर्विस की तैयारी प्रारंभ कर दी।। पूरी मेहनत और लगन के साथ उसने स्वयं को पढ़ाई में झोंक दिया। घंटो घंटो वह सर झुकाए पढ़ती रहती ।माँ की उनके काम में मदद भी करती हालांकि अम्मा तो उसे देखकर अक्सर बड़बड़ करती रहती

पता नहीं कौन सा भूत सवार हो गया है..? किताब लिए बैठी रहती है.. ऐसे बैठने से कैसे काम चलेगा? और भी तो भाई बहन हैं.. यही पढ़ कर कलेक्टर बनेगी...हुँह... पता नहीं क्या हो गया है इस लड़की को ..?

लेकिन उनकी नकारात्मक बातों का रिजवाना पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता क्योंकि अब भी मैडम जी के वे शब्द उसके कानों में गूँजते रहते हैं कि

परिश्रम की चाबी लेकर आगे बढ़ते रहना..

रिजवाना ने परिश्रम करना सीख लिया और उसकी लगन और मेहनत एक दिन रंग लाई और 10 साल के अथक परिश्रम के बाद रिजवाना सिविल सेवा परीक्षा में उत्तीर्ण हो गई। लिखित परीक्षा के पश्चात जब इंटरव्यू हुआ तो इंटरव्यू में भी उसका चयन हो गया ।गांव के साथ-साथ उसने पूरे जनपद का नाम भी रोशन कर दिया ।आज अखबार में उसकी फोटो आई। फोटो देखकर माता-पिता फूले नहीं समा रहे हैं।रिजवाना के घर के आगे एक गाड़ी आकर रुकी रिजवाना ने कौतूहल वश बाहर जाकर देखा तो उसकी मैडम जी गाड़ी से उतर रही हैं ।मानो रिजवाना को उसके परिश्रम का प्रतिफल मिल गया हो। यही तो वह चाहती थी कि एक बार उस देवी के दर्शन हो जायें, जिनकी प्रेरणा से आज इस मुकाम तक पहुंची है ।रिजवाना दौड़कर उनके पैरों में झुकने लगी लेकिन मैडम जी ने उन्हें अपने सीने से लगा लिया। दोनों में से किसी ने भी एक भी शब्द एक -दूसरे से नहीं कहा बस अश्रु धार बह निकली। सब कुछ वर्णित हो गया।कुछ भी कहा न गया...कुछ भी अनकहा भी न रहा। भावातिरेक से कंठ अवरुद्ध हो गया ।आज एक पगली लड़की ने गुरु की प्रेरणा पाकर लोगों को डी0एम 0 बनकर दिखा दिया।

प्रीति चौधरीमनोरमा
जनपद बुलंदशहर
उत्तरप्रदेश

मैं खामोश हूं

आज मंदिर की सीढ़ियां उतरते हुए,अचानक ही एक ऐसे शख्स का चेहरा देख, मैं रुक गई। ना जाने क्यों? वह मुझे चिर परिचित लग रहे थे।

जर्जर शरीर लिए धीरे-धीरे ध्यान से, सीढ़ियां चढ़ने का प्रयास कर रहे थे।

मैंने पास जाकर धीरे से, पहचाने की कोशिश करते हुए, कहा, सर, नमस्ते।

उन्होंने नमस्ते तो कह दिया ,लेकिन मेरी तरफ देखा भी नहीं, फिर दूसरी सीढ़ी पर पैर रख दिया।

मुझे पता नहीं क्यों ऐसा लग रहा था, कि मैं आपको पहले से जानती हूं।

मैंने फिर आवाज लगाई। मेरी आवाज सुन वह पीछे घूमे और धीरे से बोले, क्या हुआ बेटा ?

बस फिर क्या था। मुझे याद आ गया, यह तो वही हिंदी के गुरुजी है, जिन्होंने मुझे तीसरी कक्षा में पढ़ाया था।

बात बरसों पुरानी हो गई, लेकिन आवाज, आवाज तो वही थी।

मैंने पैर छूते हुए कहा, गुरुजी, मुझे पहचाना?

वह सीढ़ियों के पास की दीवार पर बैठ गए और ध्यान से मुझे देखने लगे, फिर बोले, तू रामलाल की बेटी है ना ?

मैंने कहा, हां गुरुजी, मैं ही हूं मीना।

बहुत लंबा समय हो गया बेटा, अब मेरी भी उम्र हो गई। नजर कमजोर है, पहचानने में तभी देर लगी।

बातों का सिलसिला शुरू हुआ। गुरु जी के बड़े बेटे की बेटी शीला मेरे साथ पढ़ती थी।

सब बातें खत्म हो गई तो मैंने पूछा, गुरुजी, आजकल शीला कहां है?

धीरे से बोले, बेटी, शीला अपने ससुराल में है।

वह कुछ आगे बोलते, इससे पहले ही , मैंने कहा गुरुजी वह क्या करती है ?

शीला हमारी कक्षा में टॉपर हुआ करती थी।

उन्होंने कहा, वह भी सरकारी स्कूल में हिंदी की बहन जी है।

मैं भी हिंदी का ही था और मुझे देखकर उसने भी हिंदी विषय ही चुना।

वह भी चाहती थी कि हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा मिले,इसीलिए हम सब प्रयास कर रहे थे।

मैंने कहा, उसके बच्चे कितने है ,गुरूजी।

दो बेटे हैं। वह अभी पढ़ रहे हैं।

मैं तपाक से पूछ बैठी, गुरुजी बच्चे कौन सी क्लास में पढ़ते हैं।

एक आठवीं और एक दसवीं दोनों ही एक अच्छे इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ते हैं बेटा।

यह सुनते ही मुझे बड़ा अजीब लगा। जो गुरु जी, आज दिन तक हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने के लड़ते रहे। उन्हीं के दोहिते इंग्लिश मीडियम में पढ़ रहे हैं। हमें तो हमेशा ही कहा करते थे।हिंदी हमारे मातृभाषा है।

हमें हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाना है और जब अपनी बारी आई , तो सारे उसूल ताक में रख दिए।

मैंने कहा गुरुजी हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा कैसे मिलेगा ? जब हमारी कथनी और करनी में ही फर्क है।

गुरुजी मेरे पड़ोस में ही एक परिवार रहता है, जो बहुत ही पैसे वाला है। उनके बच्चे जिले की टॉप इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ते हैं। एक दिन वह बाहर खेल रहे थे।

खेलते खेलते जब थक गए तो मेरे पास आकर बैठ गए।

मैंने यूं ही पूछ लिया, बेटे कौन सी क्लास में पढ़ते हो ?

जवाब था 9ह्लद्ध क्लास में। मैंने पूंछा, संज्ञा परिभाषा आती है, तो वह मुझे यूं देखने लगा जैसे मैंने कोई आश्चर्यजनक बात पूछ ली। मैंने फिर पूछा बताओ ना बेटा संज्ञा किसे कहते हैं ।

उसका जवाब सुनकर, मैं सर पकड़ कर बैठ गई।

वह बोला,आंटी ,यह संज्ञा क्या होती है?

मैं सोचने लगी की, वर्तमान दौर में जिस पीढ़ी को संज्ञा की परिभाषा नहीं आती ।

वह क्लिष्ट भाषा में लिखे गए छंद, दोहे कैसे पढ़ेंगे। हमारे साहित्य का क्या होगा?

यह सुनते ही उनकी आंखों में आंसू आ गए। बोले,बेटी, जमाना बदल गया।

मेरी दोहरी नीति नहीं है। मैं तो आज भी अपने उसूलों पर अड़ा हूं लेकिन मैं अकेला रह गया और अब इतनी हिम्मत भी नहीं कि किसी से कुछ कह सकूं, इसलिए, मैं खामोश हूं।

आज कल कहां किसी पर जोर चलता है।

मैंने महसूस किया गुरु जी की आवाज में बहुत दर्द था।

मुझे लगता है, आज तक हिंदी भाषा को इसीलिए राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं मिला।

वीणा वैष्णव रागिनी
राजस्थान

पिता-पुत्री को कर दिया घायल

इंदौर। राऊ इलाके में एक गणेश पंडाल में नाचने की बात को लेकर हुए विवाद में आरोपियों ने पिता-पुत्री पर पत्थर और डंडे से हमलाकर घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि घटना स्काय पार्क कॉलोनी राऊ में गत रात 11 बजे हुई। पुलिस ने फरियादी पूजा रावत निवासी ग्राम पाडला जिला धार की रिपोर्ट पर आरोपी उमेश का मामा के खिलाफ केस दर्ज किया है। युवती ने पुलिस को बताया कि गणेश पंडाल में कार्यक्रम चल रहा था, तभी वहां उमेश का मामा आया और नाचने की बात को लेकर गाली-गलौज करने लगा। मैंने उसे गालियां देने से मना किया तो उसने पत्थर उठाकर मार दिया। इससे मुझे घुटने में चोट लगी। इस दौरान मेरे पिता किशोर बीचबचाव करने आए तो उन्हें भी गालियां दीं और डंडे से हमलाकर दिया। इससे मेरे पापा के सिर में चोट लगकर खून निकलने लगा।

रेस्टोरेटकर्मी की संदिग्ध मौत

इंदौर। एक रेस्टोरेट कर्मी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। एमआईजी पुलिस ने बताया कि 28 वर्षीय राहुल पिता मुन्नालाल निवासी कृष्णबाग कॉलोनी की मंगलवार की रात करीब दो बजे तबीयत बिगड़ी। पत्नी को सीने में दर्द और घबराहट होने की बात की। इसके बाद उसे उल्टियां हुई। एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। राहुल के परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं। वह मूल रूप से भिंड जिले का रहने वाला था। इंदौर में रेस्टोरेट में काम करता था।

गिरने से घायल मजदूर ने दम तोड़ा

इंदौर। एमवाय अस्पताल के एमजीएम बायज होस्टल से गिरने से गंभीर घायल मजदूर की उपचार के दौरान मौत हो गई। उसे करीब 25 दिन पहेल सिर में गंभीर चोट आने से अस्पताल में भर्ती किया गया था। थाना संयोगितागंज पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम मुजी मल शाह(30) निवासी मुशराबाद (पश्चिम बंगाल) है। गत 23 अगस्त को एमजीएम बायज होस्टल में काम के दौरान वह पहली मंजिल से गिर पड़ा था। उसे उपचार के लिए ठेकेदार जायदुल और अन्य ने भर्ती कराया था। लंबे चले उपचार के बाद मंगलवार देर रात उसने दम तोड़ दिया। घटना के बारे में बातया गया कि होस्टल में निर्माण चल रहा था और वह ठेकेदार के पास काम कर रहा था। मुजी मल तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं।

झांकी के स्वागत मंच पर झगड़ा

इंदौर। झांकी चल समारोह के दौरान एक स्वागत मंच पर हुए मामूली विवाद में लात-घूंसे चल गए। मामला पुलिस ने शांत करवा लिया। रात करीब डेढ़ बजे जेल रोड इलाके में नॉवेल्टी मार्केट के पास लगे मंच पर किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इस दौरान जमकर लात-घूंसे चले और कुर्सी फेंक दी गई। रात में ही इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बताया गया कि पुलिस ने तत्काल स्थिति संभाल ली।

टक्कर से महिला घायल

इंदौर। तेज रफ्तार से जा रहे ऑटो रिक्शा चालक ने एक महिला को टक्कर मार दी। रिक्शा का पहिया उसके पैर से गुजर गया। पुलिस के मुताबिक हादसा शिवकंठ नगर चौराहा पर हुआ। घायल महिला का नाम सीमा पति कन्हैयालाल सोलंकी (40) निवासी शिवकंठ नगर है। उसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने आटो रिक्शा क्रमांक एमपी-09 आर 6×05 के चालक पर केस दर्ज किया है। महिला ने बताया कि आरोपी चालक अपने वाहन को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाकर लाया और मुझे पीछे से टक्कर मार दी। इससे मैं जमीन पर गिर गई और आटो का पिछला पहिया दाहिने पैर के पर से निकल गया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई।

गरबा देखने गया युवक पिटाया

इंदौर। तीन इमली इलाके में गरबा देखने गए युवक के साथ मारपीट हो गई। पुलिस के मुताबिक रितिक पिता दिनेश गनावा निवासी अभिनव नगर की रिपोर्ट पर सुमित, रोहित, फूलमाली,पीयूष और विक्की पर केस दर्ज किया गया। फरियादी ने बताया कि मैं तीन इंमली बस स्टैंड के पीछे खाली मैदान मेंअपने दोस्त शुभम व बबलू उइजले के साथ बैठा गरबा देख रहा था। तभी आरोपी आए और गालियां दी। ईंट मार दी। सत-घूसों से मारपीट की। बोले कि आइंदा यहां ने आए तो जान से खत्म कर देंगे ।

घूरने की बात को लेकर विवाद में पीटा, पिस्टल तानी

इंदौर। भंडरे में घूरने की बात पर हुए विवाद में आरोपियों ने युवक के साथ मारपीट कर दी। इसी दौरान एक आरोपी ने पिस्टल निकालकर तान दी। पुलिस ने केस दर्ज किया है। मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक विवाद नारनोली धर्मशाला तेलीबाखल में मंगलवार की रात हुआ। पुलिस ने प्रयांश उर्फ चिन्टू पिता राजा डोर निवासी आराधना नगर की रिपोर्ट पर आरोपी मुकुल बाजपेयी निवासी 60 फीट रोड और रुद्र उर्फ जय्यु ऊंटवाल निवासी अंतिम चौराहा के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि 16 सितंबर की रात मैं अपने दोस्तों के साथ नारनोली धर्मशाला में भंडारा खाने गया था। उसी दौरान आरोपी आए और मुझे देखकर घूरने लगे। मुकुल मुझसे बोला कि बाहर आ हम तुझे बताते हैं। मैं बाहर अपने दोस्तो के साथ गया तो मुकुल व उसका साथी रुद्र उर्फ जय्यू वहां खड़े थे। मुझे देखकर दोनों ने गालियां दीं। विरोध किया तो दोनों ने हाथ- मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान मुकुल ने कमर में से पिस्टल निकालकर मुझ पर तान दी। मैं डर गया था, तभी उसके दोस्तों ने ही पिस्टल छीन ली। बीच बचाव के बाद आरोपी भाग गए।

श्वान घूमाने की बात पर दंपति ने महिला को पीटा

इंदौर (नगर संवाददाता)। निजी कंपनी में काम करने वाली एक महिला के साथ उसके बिल्डिंग में रहने वाली एक महिला और उसके पति ने मारपीट कर दी। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज किया है। महिला का आरोपियों से श्वान घूमाने की बात पर विवाद हुआ था। जूनी इंदौर पुलिस के अनुसार निग्याग्रा होरा निवासी खातीवाला टैंक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह निजी कंपनी में जॉब कर अपार्टमेंट में रहती है। वह अपने श्वान को घूमाकर रूम पर जा रही थी। रास्ते में कोमल सलूजा मिली। उसने कहां कि यहां पर गणेश जी बैठाए हैं और तुम कुत्ता घूमा रही हो। तब उनसे कहा कि श्वान को कमरे में लेकर जा रही है। इस बात पर वह अश्लील गालिया देने लगी। इसके बाद उन्होंने अपशब्द कहे। इस दौरान उनके पति किशोर सलूजा और बेटा शिवम सलूजा आ गए। उन्होंने भी अपशब्द कहे। किशोर सलूजा ने निग्याग्रा होरा को डॉग की स्टीक से हाथ और पैर में मारा। इसके बाद कोमल झूमाझटकी करने लगी। इसके बाद किसी पिट्टू सरदार को बुलाया। उसने खुद को इलाके का बदमाश बताते हुए अपशब्द कहे। आसपास के लोगो ने विवाद का कारण पूछा। इसके बाद होरा थाने पहुंची ओर केस दर्ज करा दिया। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

राष्ट्रपति ने हस्तशिल्पियों एवं जनजाति कारीगरों से रूबरू चर्चा की

जनजाति संस्कृति एवं कला को संरक्षित रखने में कलाकारों का योगदान महत्वपूर्ण - श्रीमती मुर्मू

इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने इंदौर प्रवास के दौरान मृगनयनी एंपोरियम में बुनकरों द्वारा हाथकरघा पर तैयार की गई रेशम एवं कॉटन की चंदेरी, महेश्वरी साड़ियों को देखा । इस दौरान उन्होंने आदिवासी क्षेत्र के हस्तशिल्पी,बुनकरों एवं जनजाति कारीगरों से रूबरू होकर चर्चा की और उनकी कला को सराहा । कलाकारों द्वारा राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू को अपने हाथों से निर्मित हस्तशिल्प भी भेंट किया गया।

यह सभी कलाकार अपनी विधा में पारंगत हैं और राष्ट्रीय स्तर पर इनकी एक अलग ही पहचान है। यह सभी कलाकार राष्ट्रपति महोदया से मुलाकात को लेकर बहुत उत्साहित थे और उनसे मिलकर बहुत खुश हैं कि उन्हें देश के सर्वोच्च पद पर आसीन श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से रुबरु मिलने व चर्चा करने का अवसर मिला। इस अवसर पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा लघु उद्योग निगम के प्रबंध संचालक एवं सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी भी उपस्थित थे। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने इन कलाकारों से चर्चा के दौरान कहा कि हमारी पुरानी संस्कृति एवं परम्परा को संजो कर एवं संरक्षित रखने की जरूरत है। यह कलाकार इसमें अच्छा योगदान दे रहे हैं। इन्हें प्रोत्साहन देने की जरूरत है। जिससे इन कलाकारों को रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू को इन सभी कलाकारों ने अपने द्वारा निर्मित सामग्री भेंट दी। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने इन कलाकारों के आग्रह पर उनके साथ तस्वीर भी खिंचवाई। धार जिले के कारीगर श्री मुबारिक खत्री से चर्चा के दौरान राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने उनकी कला के बारे में जानकारी ली और पूछा कि वे कब से यह काम कर रहे हैं। इस पर मुबारिक खत्री ने बताया कि उनकी 11 पीढ़ियों से बाग प्रिंट का कार्य किया जा रहा है। वे अपनी इस कला को आने वाली पीढ़ियों को भी सिखा रहे हैं। उन्होंने कॉटन के कपड़े पर बाग प्रिंट कैसे किया जा सकता है, यह करके भी दिखाया और बताया कि अब बांस एवं सिल्क की साड़ियों पर भी बाग प्रिंट किया जाता है। खरगोन जिले के महेश्वर के बुनकर श्री अलाउद्दीन अंसारी ने राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू को राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हथकरघा साड़ी के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि नर्मदा नदी में दोपहर के समय सूर्य की जो किरणें पड़ती हैं और उनसे नदी में जो लहरें चमकती हैं, उन्हीं लहरों का प्रिंट हथकरघा साड़ियों की बॉर्डर पर उतारा जाता है। श्रीमती मुर्मू इस कलाकारी से बहुत प्रभावित हुई और उन्होंने पूछा कि वे यह काम कब से कर रहे हैं। तब अलाउद्दीन अंसारी ने बताया कि उनका परिवार पीढ़ी दर पीढ़ी यह कार्य कर रहा है। वर्तमान समय में वे अपने इस कार्य से 300 से अधिक लोगों को रोजगार दे रहे हैं, जिसमें 70 महिलाएं शामिल हैं।

राष्ट्रपति से मिले जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और सांसद लालवानी

इंदौर । राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से आज जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने रेसीडेंसी कोठी में सौजन्य भेंट की। इंदौर के सांसद श्री शंकर लालवानी भी इस अवसर पर उनके साथ थे। मंत्री श्री सिलावट ने राष्ट्रपति महोदया को स्मृति स्वरूप देवी अहिल्या का चित्र भेंट किया।

वर्तमान में भोपाल निवासी एवं मूलतः डिंडोरी की निवासी गोंड भित्तिचित्र की कलाकार पदमश्री श्रीमती दुर्गा बाई व्याम की कला को देखकर राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू बहुत प्रभावित हुई और उसकी इस बात के लिये सराहना की कि वे संस्कृति एवं कला को जीवित रखने और उसे आगे बढ़ाने के लिये कार्य कर रही हैं। दुर्गा बाई ने बताया कि वे बच्चों को इस कला को सीखा रही है और एक संस्था के माध्यम से अन्य लोगों को भी निःशुल्क इस कला का प्रशिक्षण दे रही है। झाबुआ जिले के कलाकार दंपत्ति पदमश्री श्री रमेश एवं श्रीमती शांति परमार द्वारा निर्मित गुड़ियों को देखकर राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने उनसे पूछा कि क्या यह गुड़िया मिट्टी से बनाई गई है। तब इन कलाकारों ने बताया कि उनके द्वारा कपास एवं कपड़े से आकर्षक गुड़ियों का निर्माण किया जाता है। वे अपनी इस कला को जीवित रखने के ?लिये अन्य लोगों को भी निःशुल्क प्रशिक्षण देते हैं। उन्होंने बताया कि बाजार, मेलों में वे जितनी गुड़िया लेकर जाते हैं, वे सभी बिक जाती हैं।

साड़ी खरीदी औरयूपीआई से किया पेमेंट

श्रीमती मुर्मू ने मृगनयनी एंपोरियम में हथकरघा पर निर्मित साड़ियों को देखा और उनकी कलाकारी देखकर प्रसन्न हुई। वहां कार्यरत महिला कर्मचारियों से उन्होंने साड़ियों के नाम एवं पेटर्न की जानकारी ली। सरिता गव्हाड़े ने उन्हें हल्के पिंक रंग की महेश्वरी साड़ी पसंद कर दी। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने इस साड़ी का काउंटर पर जाकर यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान भी किया।

मुख्यमंत्री ने भेंट की चंदेरी साड़ी

राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू के मृगनयनी एम्पोरियम इंदौर में हस्तशिल्प कलाकारों से संवाद एवं उनकी कला के अवलोकन अवसर पर राष्ट्रपति जी को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भी प्रदेश की ओर से चंदेरी साड़ी भेंट की।

दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु 19 सितम्बर को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर में आयोजित दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इस कार्यक्रम के पूर्व राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु प्रातः इन्दौर से उज्जैन जाएंगी। उज्जैन के ग्राम ढेंडिया स्थित होटल रूद्राक्ष परिसर में देश की स्वच्छता में योगदान देने वाले कर्मठ सफाई-मित्रों से सफाई मित्र सम्मेलन में संवाद करेंगी एवं स्वच्छता पखवाड़े सम्बन्धित प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगी। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु उज्जैन-इन्दौर सिक्स लेन का भूमिपूजन वर्चुअली करेंगी। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु का श्री महाकालेश्वर मन्दिर दर्शन करेंगी। तत्पश्चात मन्दिर परिसर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु श्रमदान करेंगी। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु श्री महाकाल लोक का भ्रमण करेंगी तथा मूर्ति बना रहे शिल्पकारों से त्रिवेणी सभा मण्डपम में संवाद करेंगी। इसके बाद राष्ट्रपति उज्जैन से इंदौर आएंगी।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का आगमन

राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित गणमान्यजनों ने किया स्वागत

महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय मध्य प्रदेश प्रवास के तहत इंदौर पहुंची। देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू की अगवानी एवं स्वागत महामहिम राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, सांसद वी.डी. शर्मा, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, लेफ्टिनेंट जनरल गजेंद्र जोशी, लेफ्टिनेंट जनरल हरजीत सिंह साही, डीजीपी सुधीर सक्सेना, संभागायुक्त दीपक सिंह, पुलिस कमिश्नर इंदौर जोन राकेश गुप्ता, कलेक्टर आशीष सिंह ने किया।

चिकित्सा शिविर लगाना सराहनी कार्य : असिस्टेंट कमिश्नर

शिविर के माध्यम से लोगों की मदद करना पुनीत कार्य:दिलीप राजपाल

इन्दौर। इंदौर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन जन सहारा चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से एवं पुलिस समाचार के सहयोग से नंदलालपुरा स्थित उक्त मंच पर उपस्थित होकर इंदौर पुलिस असिस्टेंट कमिश्नर मनोज श्रीवास्तव ने शिविर को लेकर प्रशंसा करते हुए कहा कि इतने व्यस्त समय में ऐसे आयोजन करना एक सराहनीय कार्य हे मैं इस सेवा को देखकर अत्यंत प्रसन्न हूं इसी के साथ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पूर्व राज्य मंत्री दिलीप राजपाल ने कहा कि विगत 20 वर्षों से इस प्रकार से चल रही परमार्थ सेवा से मैं बहुत खुश हूं आज के महंगाई के दौर में सार्वजनिक तौर पर इतना बड़ा सेवा कार्य करना कठिन है उसके उपरांत जनसरा चैरिटेबल ट्रस्ट व पुलिस समाचार जनहित में कार्य कर रहे हैं में आयोजन संचालक राजराजेश्वर लोन कर व उनकी टीम को बधाई देता हूं विशेष अतिथि के रूप में पधारे सुखदेव खरबड़ी कर ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं इस इस सेवा कार्य से बहुत-बहुत प्रसन्न हूं मैं चाहता हूं कि आगे भी यह संस्था निरंतर जन सेवा जैसे कार्य करती रहे मैं इस संस्था के आयोजन करता को बधाई देता हूं मैं ऐसे पुनीत कार्य में वक्त पड़ने पर अपनी सेवा देता रहूंगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता के लिए आमंत्रित विश्वकर्मा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश विश्वकर्मा अपनी व्यस्तता के कारण नहीं पहुंचने पर खे द व्यक्त करते हुए फोन पर उन्होंने कहा कि मैं मैं उक्त कार्यक्रम के लिए बधाई देता हूं आगे होने वाले प्रोग्राम में निश्चित शिरकत करूंगा इसी प्रकार शिविर में भाजपा नेता मनोज परमार चंदू शिंदे एडवोकेट मोहम्मद तारिक खान के चिरंजीव दानिश खान, एडवोकेट पंकज गुप्ते, अशोक काले इफ्का लैबोरेट्रीज के चन्द्रसेन हिलाल भी मंच पर मौजूद रहे।

धोबी घाट पर निगम का स्वामित्व होने पर इंदौर नगर धोबी संघ ने मनाई खुशी

इंदौर । कर्बला मैदान पर नगर निगम ने लिया कब्जा, कोर्ट में वक्फ बोर्ड से जीत के बाद उठाया कदम....महापौर पुष्यमित्र भार्गव निगम और जिला प्रशासन अधिकारियों के साथ 1 बजे कर्बला मैदान पहुँचें धोबी घाट पर निगम का स्वामित्व होने पर इंदौर नगर धोबी संघ ने खुशी मनाई और महापौर पुष्यमित्र भार्गव को मिठाई खिलाई।

संघ के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल बारिया सहित अन्य समाजजनो ने महापौर से मांग की धोबी समाज को इसी जमीन पर अपना कार्य करने के साथ ही अत्याधुनिक सुविधाएं दी जाएं।वर्षों से धोबी समाज के समाजजन कर्बला धोबी घाट पर कपड़े धोकर अपना जीवन यापन करते है उन्हे इसी जगह पर रहने दिया जाए और कई अत्याधुनिक सुविधाएं देकर विकास किया जाए। इन्दौर नगर धोबी संध के अध्यक्ष शकुंतला बड़े, कार्यकारी अध्यक्ष श्री अनिल बारिया ने बताया कि 6.70 एकड़ जमीन के मालिकाना हक नगर निगम को मिलने से धोबी समाज में उत्साह और खुशी है। न्यायालय के फैसले पर धोबी घाट पर समाज जनों ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर रजक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश ढालिया, प्रकाश सिंगोडिया, ईश्वर चौहान इंदर परदेशी , रूपेश मालवीय सहित अन्य मौजूद थे।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर परिषद छनेरा में आयोजित हुई मैराथन रैली

खण्डवा । ''स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता'' थीम पर संपूर्ण प्रदेश में संचालित ÷स्वच्छता ही सेवा÷ 2024 अभियान अंतर्गत बुधवार को नगर परिषद छनेरा में मैराथन रैली का आयोजन किया गया। यह रैली संत बुखारदास बाबा मंदिर से प्रारंभ हुई और फ्लिगुट चौराहे पर आकर सम्पन्न हुई। रैली में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक एवं स्कूली विद्यार्थी, शामिल हुए। मैराथन रैली सम्पन्न होने के बाद उपस्थितजनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। ''स्वच्छता ही सेवा÷ 2024 अभियान अंतर्गत निकाय द्वारा शासन के निर्देशानुसार गतिविधियां निरंतर संचालित की जा रही हैं।

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय पंधाना में कक्षा 6वी में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

खण्डवा । पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय पंधाना में कक्षा 6वी में प्रवेश पाने के लिए प्रवेश परीक्षा ली जाना है। जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती अंशु सिंह ने बताया कि सत्र 2024-25 में कक्षा 5वी में अध्ययनरत छात्रों का नामांकन किया जायेगा, जिसके लिए आवेदन ऑनलाइन भरने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 सितम्बर निर्धारित की गई है।

आईटीआई खण्डवा में 19 एवं 20 सितम्बर को आयोजित होगा प्लेसमेंट ड्राईव

खण्डवा । शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिहाड़ा रोड आनन्द नगर खण्डवा में 19 एवं 20 सितम्बर को अप्रेंटिसशिप मेला एवं प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन किया जायेगा। यह मेला प्रातः 10 बजे से आयोजित होगा। संस्था के नोडल प्राचार्य ने बताया कि मेले में आईटीआई उत्तीण प्रशिक्षणार्थी एवं अन्य योग्य अभ्यार्थी शामिल हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि 19 सितम्बर को आयोजित मेले में व्ही.ई. कामिशियल व्हीकल, पीथमपुर कम्पनी द्वारा भाग लिया जायेगा। इसी तरह 20 सितम्बर को आयोजित मेले में वेकमेट इंडिया, ग्राम उज्जैनी, जिला धार की कम्पनी भाग लेंगी।

नेहा श्रीवास प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

खंडवा. जननायक कर्पूरी ठाकुर ओबीसी संगठन की महिला प्रदेश प्रबंध कार्यकारिणी में प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर श्रीमती नेहा श्रीवास खंडवा को मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुवीर श्रीवास और राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष सुभाष वर्मा अनुशंसा पर की गई है। इस अवसर पर समाजजनों व स्नेहीजनों ने श्रीमती नेहा श्रीवास को शुभकामनायें देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

हास्य कवि सम्मेलन के रूप में मनाया जाएगा

खंडवा। तुलसी उत्सव पुण्यतिथि समिति द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन पूर्णता हास्य कवि सम्मेलन के रूप में मनाया जाएगा यह शताब्दी वर्ष का बड़ा आयोजन है इस आयोजन में तुलसी माखन सम्मान प्रति वर्ष एक ख्याति प्राप्त कवि को दिया जाता है इस वर्ष का यह सम्मान डॉक्टर कमलेश शर्मा इटावा उत्तर प्रदेश को दिया जाएगा यह कार्यक्रम 21 सितंबर दिन शनिवार गौरी कुंज सभागृह में शाम 7:30 बजे से प्रारंभ होगा इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती अमृता यादव एवं कार्यक्रम के विशेष अतिथि परमजीत सिंह नारंग रितेश गोयल सुनीता सकर गद्धए डॉक्टर अरुण रमेश जोशी जेल सुपरिंटेंडेंट अदिति चतुर्वेदी रहेगीतुलसी उत्सव पुण्यतिथि समिति अध्यक्ष नारायण नद्धगरने बताया डॉ कमलेश शर्मा को तुलसी माखन सम्मान से सम्मानित किया जाएगा 100 वर्ष के उपलक्ष में एक स्मारिका का प्रकाशन किया गया है जिसका विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया जाएगाइस शताब्दी वर्ष के हास्य कवि सम्मेलन मैंआप सभी आमंत्रित हैं कृपया कर समय पर उपस्थित होकर अपना स्थान सुरक्षित करें अधिक से अधिक संख्या में पधारे ।

हॉकी फिडर सेटर और खेलो इंडिया स्माल सेटर में खिलाड़ियों हुआ चयन

खरगोन । जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग खरगोन में संचालित हॉकी फिडर सेटर और खेलो इंडिया स्माल सेटर स्थानीय स्टेडियम मैदान पर बालक बालिका का खेल संचालित किया जाता है। बुधवार को स्टेडियम मैदान पर हॉकी खिलाडियों का चयन टैलेंट आइडेंटिफिकेशन किया गया । जिला खेल अधिकारी पवी दुबे ने बताया है कि दोनों सेटर के लिए आज हॉकी खिलाडियों की फिटनेस और खेल की बारिकी को देखकर चयन किया । चयन प्रक्रिया में लगभग 150 खिलाडियों ने भाग लिया । दुबे ने बताया कि दोनों सेटर पर 20-20 बालक बालिका का चयन किया गया है चयन के बाद हॉकी किट, और खेल सामग्री निःशुल्क प्रदान कि जाती है और प्रतिदिन कोचों के द्वारा अभ्यास कराया जाता है चयन प्रक्रिया में हॉकी कोच प्रवीण किरावर राकेश अंथनकर उच्छमसिह रावत ज्योतिबाला रावत सत्यवीर पुरोहित स्वाति शर्मा इकबाल खान अनिल पांडे दिनेश यादव जयराज दांगी आदि ने सहयोग प्रदान किया।

प्रांत एथलेटिक्स प्रतियोगिता में रेखा कटारा ने जीते दो मेडल

जावरा । सरस्वती शिशु मंदिर सरस्वती पुरम पहाड़िया रोड की छात्रा रेखा कटारा ने उज्जैन में आयोजित प्रांत स्तरीय 3 दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उज्जैन विभाग की ओर से भाग लेकर 3 हजार मीटर पैदल चाल में स्वर्ण तथा 3 हजार मीटर दौड़ में रजत पदक प्राप्त किया। अब छात्रा रेखा 26 से 29 सितंबर तक खंडवा में आयोजित क्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता में मालवा प्रांत का प्रतिनिधित्व करेगी। छात्र रेखा की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने छात्रा का स्वागत कर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

संभाग स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में हुआ विदित जैन का चयन

जावरा । सेंट पॉल विद्यालय के छात्रों ने निरंतर खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संभागीय टीम में जगह बनाई । विद्यालय के विदित जैन ने वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाकर विद्यालय का नाम गौरवांवित किया। उक्त प्रतियोगिता मंदसौर में आयोजित की होगी । प्राचार्य देवेंद्र मूणत ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे विद्यालय के सभी खिलाड़ियों ने इस वर्ष प्रत्येक खेल में जिस प्रकार का समर्पण और खेल भावना दिखाई है वह सराहनीय है । संस्था मैनेजर भाविक मूणत ने खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय के सभी खेल प्रशिक्षक दिन प्रतिदिन मेहनत कर व उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी स्कूल का नाम उज्जवल कर अपना विशेष स्थान बना रहे है।

धारा 135 एवं 126 के अंतर्गत विद्युत प्रकरणों में जारी किए गए देयकों का विलंब से भुगतान करने पर लगेगा चक्रवर्ती ब्याज

भोपाल । मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 व 126 के अंतर्गत बनाए गए प्रकरणों में जारी किए गए अंतिम, अनंतिम देयकों के भुगतान 30 दिवस के भीतर नहीं करने पर जारी किए गए देयकों की राशि पर प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि ब्याज 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष लगेगा। कंपनी ने कहा है कि सतर्कता एवं अन्य जांच दलों के द्वारा अंतिम, अनंतिम देयकों की राशि को आंकलन आदेश जारी होने के बाद देयक जमा नहीं करने पर तथा विलंब से भुगतान किए जाने पर प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि ब्याज 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष लगेगा। देयकों के भुगतान पोश मशीन, वेब पोर्टल तथा उपाय एप के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकार किए जाने की व्यवस्था वर्तमान में प्रचलन में है। विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 127(6) एवं मध्य प्रदेश विद्युत प्रदाय संहिता 2021 की कंडिका 10.2.10 के अनुसार आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर आंकलन आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात अंतरिम बिल पर छः माही चक्रवृद्धि दर से 16 प्रतिशत ब्याज देना पड़ेगा।

मामूली विवाद में पिता-पुत्र पर हमला

बदमाशों ने मारे चाकू, बेटे की हालत गंभीर

इंदौर (नगर संवाददाता)। मामूली बात पर बदमाशों ने पिता और पुत्र पर चाकू से हमला कर दिया। बदमाशों के हमले में बेटा बुरी तरह घायल हो गया, जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है। दोनों खजराना मंदिर से घर जा रहे थे, तभी उनका बदमाशों से रास्ते से हटने की बात पर विवाद हो गया था।

बाणगंगा पुलिस ने बताया कि दीपक कोरी निवासी भागीरथपुरा की शिकायत पर पुलिस ने गोटिया,धरमू,गणेश व अन्य के खिलाफ चाकूबाजी की गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। दीपक कोरी ने बताया कि वह अपने परिवार में पिता लालचंद,मां गीता,बहन ज्योति और पत्नी दीक्षा को लेकर रात में खजराना मंदिर दर्शन करने गए। यहां से वापस आते समय अहिरवार धर्मशाला के यहां पर सभी लड़े रास्ते में खड़े थे। उन्हें हार्न बजाने के लिये हटने के लिये कहां तो आरोपियों ने विवाद किया। इसके बाद अपशब्द कहने लगे। आरोपियों में से गणेश ने चाकू निकाल लिया, जिसमें पिता लालचंद ने रोका तो चाकू हाथ में मार दिया।

इसके बाद पिता को बचाने दीपक नीचे आया तो आरोपियों ने पैर पर चाकू मार दिया। इसके बाद आरोपियों ने ऑटो में बैठी बहन ओर मां व पत्नी के साथ झूमाझटकी की। शोर होने के चलते आसपास के लोग इकट्ठा हुए। जिसमें आरोपी मौके से भाग गए। गंभीर हालत में दीपक को एमवाय भेजा गया। यहां बयान के बाद पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज किया है।

जमकर पीटा और मार दिया चाकू

इसी प्रकार लसूड़िया इलाके में

आपसी विवाद में दो आरोपियों ने एक युवक को जमकर पीटा और चाकू घोंप दिया। हमले के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक विवाद और हमले की घटना एसआर कंपाउंड में हुई। घायल का नाम हरिओम पिता श्रवण खंडेलवाल निवासी रतवाह जिला देवास हाल मुकाम ग्राम पत्थर मंडुला है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी मनीष पिता शंकरलाल निवासी एसआर कंपाउंड के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह घटना की रात अपने साले संदीप कचोले के साथ एसआर कंपाउंड क्षेत्र में रिश्तेदारी में मिलने गया था। वहां आपस में बहस हो गई। कहासुनी होने पर आरोपियों ने गालियां दी और लात घूसों से मारपीट की। इसी दौरान चाकू से वार कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी।

यहां भी चाले चाकू

इधर एरोड्रम इलाके में आपसी रंजिश में दो आरोपियों ने युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक घटना नगीन नगर में पानी की टंकी के सामने हुई। घायल का नाम देवेंद्र पिता संतोष अछानिया निवासी नगीन नगर है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी चेतन और रितेश निवासी राज नगर पर केस दर्ज किया गया। फरियादी ने बताया कि आरोपियों ने पुराने विवाद को लेकर मारपीट की और चाकू मार दिया। जान से मारने की धमकी भी दी।

तलवार मारकर किया घायल

उधर, एमआइजी इलाके में आपसी विवाद में आरोपियों ने एक युवक को पहले तो चांटे जड़े फिर तलवार से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक विवाद और तलवारबाजी की घटना 16 सितंबर को शिव मंदिर के सामने देवनगर में हुई। घायल का नाम आदित्य पिता विजय वर्मा निवासी देवनगर है। उसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी जिमी मौर्य, मनोज मौर्य और महेश मौर्य निवासी देवनगर के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी जिमी ने मेरे दोस्त को गाड़ी पलटाने की बात पर गालियां दीं। इसके बाद मेरा दोस्त वहां से गाड़ी लेकर चला गया।

मैंने जिमी को गाली देने से मना किया तो वह ऊपर से नीचे रोड पर आया और मुझे दो थप्पड़ मारे। इसके बाद अपने चाचा महेश, मनोज मौर्य को बुला लिया। उन्होंने भी गालियां दीं। मैंने उनको भी गालियां देने से मना किया तो मुझे मनोज ने पीछे से पकड़ लिया और महेश घर से तलवार ले आया और सिर पर मार दी। इससे सिर में चोट लगने से खून बहने लगा। हमले के बाद आरोपियों ने धमकाया और भाग निकले।

अखिल भारतीय जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा की सर्वोच्चधिकार समिति ने मदन को जायसवाल राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं युवराज सुवालका को युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया

कोटा राजस्थान, राष्ट्रीय जनभावना।

अखिल भारतीय जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा की उच्चाधिकार समिति की बैठक गुजरात प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया सुवालका की अध्यक्षता मे कोटा राजस्थान में दिनांक 15 सितम्बर 2024 को हुई मुख्य अतिथि मदनलाल जायसवाल थे।श्री ध्रुव चंद जायसवाल अध्यक्ष उत्तरप्रदेश ने जानकारी देते हुए बताया कि ,संचालन राष्ट्रीय महासचिव पुरन झारीवाल ने किया बैठक में प्रमुख रूप से हरिहरानंद जी महाराज वृन्दावन,ध्रुवचन्द जायसवाल, सुमन जायसवाल,राजीव जायसवाल,संजय जायसवाल, श्रीमती पूनम गुप्ता,हंसा कलवार, ज्योति मेवाड़ा प्रकाश जायसवाल लोकेश जायसवाल,नरेश सुवालका,के के भगत, विजय कुमार

जायसवाल,हृदय नारायण जायसवाल,उमेश मेवाड़ा राधेश्याम जायसवाल, मुकेश मेवाड़ा सुनील साईं वाले, चन्द्र मोहन जायसवाल मनीष जायसवाल आदि मौजूद थे। दीप प्रज्वलित कर भगवान सहस्त्रार्जुन की आरती की गई। सर्वोच्चधिकार समिति ने सर्वसम्मति से मदनलाल जायसवाल को अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनयन का प्रस्ताव पास कर दिया एवं राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष केलिए युवराज सुवालका को सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर दिया। बिहार प्रदेश के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राजीव कुमार जायसवाल ने प्रस्ताव रक्खा कि पूरन झारीवाल जी को पुनः राष्ट्रीय महासचिव बनाया जाय प्रस्ताव का समर्थन उत्तर प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष विजय कुमार जायसवाल ने समर्थन करते ही करत ध्वनि से बैठक में उपस्थित सभी लोगों से समर्थन किया उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ध्रुवचन्द जायसवाल ने श्रीमती पूनम गुप्ता जी को महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए वरिष्ठ संरक्षण आदरणीय वालेश्वर दयाल जायसवाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर हेमराज जायसवाल एवं महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरला गुप्ता जी से अनुरोध किया है कि मैं अधिकत्तर लोगों की ओर से पूनम गुप्ता का नाम प्रस्तावित कर रहा हूं उम्मीद है गम्भीरता पूर्वक विचार कर उचित निर्णय लिया जाएगा। राष्ट्रीय महासचिव ने अनुशासन समिति के पांच सदस्यों में राजीव कुमार जायसवाल को मनोनीत कर दिया।

बैंक के सेल्स मैनेजर की मौत

काम के दौरान सीने में उठा था दर्द

इंदौर (नगर संवाददाता)।

निजी बैंक के सेल्स मैनेजर की मौत हो गई। डॉक्टर ने कार्डियक अरेस्ट से मौत की आशंका जाहिर की है। उन्हें ऑफिस में काम करते समय सीने में दर्द उठा था। बैंक से घर गए, कुछ देर बाद मौत हो गई। संयोगितागंज पुलिस के मुताबिक मुराई मोहल्ला के नमन गोपाल धाडो (28) की संदिग्ध परिस्थितियों में मंगलवार को मौत हो गई। बुधवार को पोस्टमार्टम कराया गया। उनके दोस्तों ने बताया मंगलवार दोपहर में सी 21 मॉल के पास स्थित बैंक कैम्पस में तबीयत बिगड़ी। सीने में दर्द के साथ घबराहट हुई। वे घर लौटने का कहकर ऑफिस से निकल गए। छह किलोमीटर तक बाइक चलाकर घर पहुंचे। यहां आते ही घबराकर बेहोश हो गए। शाम करीब 4 बजे एमवाय लाया गया। डॉक्टरों ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया। नमन निजी बैंक में सेल्स मैनेजर थे। रोजना सुबह 9 बजे घर से निकल जाते थे। ऑफिस सी 21 माल पर हैं। परिवार के मुताबिक अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसने बात को मामूली तरीके से लिया। देर होने के चलते उसकी जान चली गई। नमन के परिवार में पत्नी और 9 माह की बेटी है। पिता महिला बाल आश्रम में पदस्थ हैं। छोटा भाई अमन एअरफोर्स में है। करीब एक साल पहले ही बैंक में जॉब लगी थी।

इंदौर हाईकोर्ट का ऑर्डर, हर जिले में गठित हो SIT

इन्दौर। एक महत्वपूर्ण फैसले में इंदौर हाईकोर्ट ने हत्या और डकैती के मामले में पुलिस जांच के संचालन की तीखी आलोचना करते हुए आरोपी सुनीत उर्फ सुमित सिंह को जमानत दे दी है। इसके साथ ही कोर्ट ने गंभीर अपराधों की जांच के लिए हर जिले में डीजीपी को एसआईटी बनाने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि एसआईटी का नेतृत्व आईपीएस लेवल के वरिष्ठ अधिकारी करेंगे और सभी गंभीर अपराध जांचों की निगरानी करेंगे। जस्टिस सुबोध अभ्यंकर की पीठ ने 2020 के डकैती और हत्या के मामले में आरोपी सुमित सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए ऐसी टिप्पणी की है। मामले में आवेदक ने नई लागू भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 और सीआरपीसी की धारा 439 के तहत छत्री जमानत याचिका दायर की थी, जिसे कोर्ट ने कार्यवाही में देरी और ठोस सबूतों की कमी के कारण मंजूर कर लिया। जांच प्रक्रिया में इस तरह के मुद्दों के कारण, अदालत ने मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को प्रत्येक जिले में एक गंभीर अपराध जांच पर्यवेक्षण दल (एसआईटी) स्थापित करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा, ÷मध्य प्रदेश, भोपाल के पुलिस महानिदेशक को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाता है कि राज्य के प्रत्येक जिले में गंभीर अपराधों की प्रत्येक जांच की निगरानी दो सदस्यों वाली एक टीम द्वारा की जाए, जिसका नेतृत्व एक वरिष्ठ स्तर का पुलिस अधिकारी करेगा, जो किसी अनुभवी आईपीएस अधिकारी के पद से नीचे का न हो।÷ आदेश में यह भी निर्धारित किया गया है कि जांच अधिकारियों को नियमित रूप से पर्यवेक्षण टीम को रिपोर्ट करना चाहिए, जिसे आगे की जांच विफलताओं के लिए उत्तरदायी ठहराया जाएगा।

कालेज छात्रा से छेड़छाड़, पिता से मारपीट

इंदौर (नगर संवाददाता)। निजी कॉलेज में पढ़ाई करने वाली छात्रा के साथ उसके पूर्व परिचित युवक ने छेड़छाड़ कर दी। आरोपी आए दिन छात्रा को कॉलेज आने जाने के दौरान पीछा कर परेशान कर रहा था। छात्रा ने अपने पिता को कॉल किया तो आरोपी ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। वही जान से मारने की धमकी देकर चले गया। पिता पुत्री दोनो थाने पहुंचे और आरोपी युवक पर केस दर्ज करा दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक राजेन्द्र नगर इलाके में रहने वाली 20 साल की छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने अमन जाधव पर छेड़छाड़ और मारपीट करने के मामले में केस दर्ज कराया है। छात्रा ने बताया कि वह कैट रोड़ पर निजी कॉलेज से बीकॉम की पढ़ाई कर रही है। उसके घर के पास रहने वाले अमन जाधव को करीब एक साल से जानती है। दोनो में पहले बातचीत होती थी। लेकिन कुछ समय से अमन से बात करना बंद कर दिया। इसके बाद लगातार बात करने के लिये दबाव बना रहा है। कॉलेज आते जाते समय पीछा करता है। कॉलेज के आसपास काफी लोगो का आना जाना रहता है। इसलिये बदनामी के डर से उसे कभी कुछ कहां नही। छात्रा ने बताया कि मंगलवार दोपहर को वह कॉलेज से पैदल घर की तरफ आ रही थी तो अमन ने रास्ते में रोका।

उसने रोकते ही अपशब्द कहे। कहने लगा कि तुम्हें पंसद करता हूं। कितने दिनों से बात करने के लिये कह रहा हूं बात क्यो नही कर रही। इसके बाद वही रूककर बात करने के लिये दबाव बनाने लगा। छात्रा ने बताया कि इस दौरान उसने अपने पिता को कॉल पिता जब वहां पहुंचे ओर अमन को उसकी हरकत को लेकर चिल्लाया तो उसने पिता से भी धक्का मुक्की की। कहां कि अगर कई दिखा तो जान से खत्म कर दूंगा। छात्रा को धमकाया कि उसे भी देख लेगा। बाद में पुलिस के पास पहुंचकर केस दर्ज कराया।

दो पक्षों में मारपीट, गाड़ियां फोड़ी, आधा दर्जन पर केस

इंदौर (नगर संवाददाता)। दो पक्षों में विवाद हो गया। पुलिस ने इस मामले में आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ तीन एफआईआर दर्ज की है। जहां विवाद हुआ वहां से कुछ ही दूरी पर झांकियों कारवां निकल रहा था।

मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक चंदा यादव की शिकायत पर वरुण मालवीय, रूद्र गेहलोत, मुकुल वाजपेयी, राम अग्रवाल उर्फ पेट्रोल और दो अन्य साथियों पर केस दर्ज किया गया है। महिला ने बताया कि रात में अचानक उसके घर पर कांच की बोतल आकर गिरी जिसके टुकडे उड़कर लगे। हाथ से खून निकलने लगा। इसके बाद बेटी को उठाकर बाहर आई तो आरोपी इलाके में अपशब्द कह रहे थे। बेटे चंचू को बाहर निकालने की बात करने लगे। आरोपियों ने पास के एक कमरे में भी कांच की बोतल फेंकी जिसमें अदिति यादव को चोट लगी। आरोपियों ने इसके बाद और कांच की बोतल घर में फेंकी। उनके अन्य साथी बाइक पर आए जो हाथ में डंडा लिए हुए थे। उन्होंने नवीन की कार के कांच फोड़ दिए। दो ऑटो रिक्शा का कांच भी फोड़ दिया। बाइक को नुकसान पहुंचाया। इसके बाद सभी वहां से भाग गए।

वही दूसरी तरफ रूद्राक्ष चौहान की शिकायत पर आदित्य उर्फ चंचू यादव, अमन यादव और सन्नी पर केस दर्ज किया गया। रूद्राक्ष ने बताया कि वह पढ़ाई करता है। रात में 1 बजे झांकी देखकर अपने घर जा रहा था। सुभाष स्कूल के यहां पर चंचू यादव निवासी कड़ाबीन और उसके साथियों ने पुराने विवाद बाइक से हाथ पकड़कर गिरा दिया। इसमें हाथ पैरो में चोट आई। आरोपियों ने कॉलर पकड़कर उठाया। हाथ मुक्के से मारपीट की। कपड़ों में खून निकलते देखा तो सभी वहां से जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

वही तीसरी एफआईआर में विशाल यादव की शिकायत पर अमन यादव, आदित्य यादव, चयन शर्मा और यश वर्मा पर केस दर्ज किया गया है। विशाल ने बताया कि वह स्टूडेंट है। देर शाम उसने विजय सांखला के घर सामने अपनी एक्टिवा पार्क की। आदित्य उर्फ चंचू यादव व चयन शर्मा आए। उन्होंने अपशब्द कहे ओर लात मार दी। चिल्लाने पर उसके साथी आ गए। डंडे से मारते हुए जमीन पर पटक दिया। वहां पर झगड़े की जानकारी लगते ही परिवार के लोग आ गए। आरोपी मौके से भाग गए।

संझा तू थारे घरे जा के थारी बाई मारेगा के कुटेगा गीतों की गूंज के साथ आज से संझा पर्व प्रारंभ

सैलाना(मनोज भंडारी)। श्राद्ध पक्ष में वैसे कोई उत्सव नही होता है लेकिन पुरानी मान्यताओं के अनुसार खासकर मालवा निमाड़ में संझा उत्सव मनाया बड़े ही हर्षोल्लास के साथ कुंवारी कन्याओं द्वारा जाता है। 16 दिनों तक मनाए जाने वाले इस पर्व में 16 दिनों तक दीवाल पर विभिन्न आकृतियां उकेरी जाती है तथा फूल पत्तियों से सजावट कर प्रतिदिन शाम को संझा बाई की आरती उतार कर प्रसाद का विवरण किया जाता है। वैसे मालवा निमाड़ क्षेत्र में आज भी परंपरागत तरीके से संझा बाई के गीत को लड़कियां प्रति दिन एकत्रित होकर गाती है जिसमें से प्रमुख गीत है। छोटी सी गाड़ी में संझा भाई बेठा लुढ़कता जाए गुड़कता जाए..... संझा तू जीम ले चूट ले थने जिमाऊं सारी रात... पहली आरती दूसरी आरती.... काजल टीकी लो भई, काजल टीकी लो ..... संझा को लड़कियों की सहेली माना गया है इसके लिए कई गीत गाये जाते हैं। इन गीतों मि सास को अखखड़ बताया गया है कहि इन गीतों में विवाह पश्चात कन्या के रुखसती का विवरण भी होता है। वही बृज मण्डल की बात करें तो संझा को रूप प्रेयसी बताया गया है और उनको राधा का रूप दिया गया है संझा में प्रतिदिन आकृति बदली जाती है जिसमे विशेष रूप से पूनम को पतला दूज में विजारु छठ में छाबड़ी सप्तमी को स्वस्तिक ओर अंतिम दिन कलाकोट बनाया जाता हैं कहि श्राद्ध पक्ष में कन्याएं पितरों को करती है नमन, संझा गोबर से बनाने में कही ना कहि गोरक्षा का संदेश भी होता है संझा उतना भाद्र पक्ष की पूर्णिमा से अश्विन मास की अमावस्या तक मनाया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो आज भी परम्परागत तरीके से यह पर्व हर्षोल्लाह से मनाया जाता है लेकिन शहरी क्षेत्र में आधुनिकता के चलते आजकल लड़कियां सिर्फ दीवारों पर रेडीमेड संझा की आकृति के चित्र लगाकर पुजा करती है।

जैन समाज ने मनाया क्षमावाणी का पर्व, भूलवश की गई गलतियों के लिये की क्षमायाचना

सुसनेर । पयुर्षण पर्व के समापन के बाद बुधवार को नगर में जैन समाजजनो द्वारा क्षमावाणी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दोपहर 3 बजे समाजजनो के द्वारा नगर में एक चलसमारोह निकालकर अरिहंत भगवान से अपने कर्मो की क्षमायाचना की गई। उसके बाद एक दूसरे से मिलकर के उत्तम क्षमा कहकर क्षमा मांगी गई। इसके पूर्व अलसुबह नगर के समस्त जैन मंदिरो में भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, नित्यनियम पूजन कर आरती की गई। चल समारोह की शुरूआत इतवारीया

बाजार से हुई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुऐ श्री चन्द्र प्रभु दिगम्बर जैन छोटा मंदिर पहुचा। जहाँ भगवान का विशेष पूजन व महाभिषेक किया गया। उसके पश्चात श्री चन्द्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में पहुंचा जहां भगवान पार्श्वनाथ का विशेष पूजन अर्चन कर महाभिषेक किया गया। उसके बाद महाआरती की गई।

यहा से चल समारोह नगर के विभिन्न मार्ग हाथी दरवाजा, पुराना बस स्टेण्ड, पांच पुलिया, साँई तिराहा से होते हुए इन्दोर कोटा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित त्रिमूर्ति मन्दिर पर पहुंचा यहा पर मुकेश पिता माणकचंद जैन साँवला परिवार के द्वारा पार्श्वनाथ भगवान का अभिषेक किया गया। कार्यक्रम के समापन के बाद सभी समाजजनो ने एक दुसरे को उत्तम क्षमा कहकर वर्षभर में भूलवश हुई गलतियो के लिए क्षमायाचना की। यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। त्रिमूर्ति मन्दिर परिसर में नगर परिषद के द्वारा स्वागत मंच के माध्यम से जैन समाज को क्षमावाणी पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। इस अवसर पर बड़ी सँख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

नप ने कर्मचारियों को दिलाई शपथ, सीएमओ ने नगरवासियों से की स्वच्छता बनाए रखने की अपील

सुसनेर। शासन द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है इसकी अन्तर्गत आज डॉक बंगला रोड़ पर स्थित नगर परिषद सुसनेर के द्वारा सभी कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान सीएमओ ओपी नागर के द्वारा नगरवासियों से स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। आपको बता दे कि इस अभियान का उद्देश्य समस्त ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सर्व सेवा भाव जुटाते हुए स्वच्छता कार्यक्रम को जन आंदोलन के रूप में संचालित कर स्वच्छ भारत मिशन की संकल्पना को साकार बनाना है।

लघु उद्योग भारतीय द्वारा भगवान श्री विश्वकर्मा की जयंती मनाई गई साथ ही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का किया अनावरण

रतलाम।

औद्योगिक क्षेत्र स्थित रेवती रमण वायर इंडस्ट्रीज पर विश्वकर्मा जयंती प्रात- 11.30 बजे मनाई गई तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना का अनावरण किया गया।सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों द्वारा भगवान श्री विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण करने के पश्चात भगवान विश्वकर्मा के शस्त्रों का पूजन कर आरती संपन्न की गई।

इसमें अति विशिष्ट अतिथि माननीय प्रहलाद पटेल महापौर, विशिष्ट अतिथि निरंजन सिंह प्रांत संगठन मंत्री भारतीय मजदूर संघ भोपाल, अतिथि महेंद्र जैन एमपीईबी, अंजलि मौर्य उद्योग विभाग, वेस्टर्न रेलवे मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह सोलंकी, मनोहर सिंह वेस्टर्न रेलवे मंडल मंत्री,मुकेश मीणा रेलवे मंडल अध्यक्ष, प्रताप गिरी डब्लू आर एम एस मंडल अध्यक्ष, जेड आर यू सी सी मेंबर शिव लहरी शर्मा उपस्थित रहे। महापौर प्रहलाद पटेल ने विश्वकर्मा जयंती की एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन की बधाई दी एवं आश्वासन दिया कि जल्द ही हम बड़े प्रोजेक्ट लेकर आएंगे जो शहर की दशा और दिशा बदलेंगे। श्री निरंजन सिंह जी ने मजदूरों की हित पर जोर दिया। संजय व्यास ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को

समझाया कि आप किस प्रकार से लाभ ले सकते हैं।

युवा उद्योगपति मीडिया प्रभारी संजय सकलेचा ने बताया कि कार्यक्रम में श्रमिकों को पुरस्कृत किया गया तथा भजन कीर्तन के साथ श्रमिकों पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भगवान विश्वकर्मा का भोजन प्रसाद ग्रहण किया। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का अनावरण महापौर प्रहलाद पटेल द्वारा किया गया। सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अतिथियों, विशिष्ट अतिथियों का शाल श्रीफल एवं मोतियों की माला से सम्मान किया। कार्यक्रम में संजय व्यास अध्यक्ष लघु उद्योग भारतीय जिला इकाई, अनिल सारडा कार्यवाहक अध्यक्ष लघु उद्योग भारती, सुमित्रा आवतानी अध्यक्ष महिला एल यू बी रतलाम, चंद्र प्रकाश आवतानी सदस्य प्रांत कार्यकारिणी एल यू बी, धर्मेंद्र मारू अध्यक्ष नमकीन एल यु बी रतलाम, एवं लघु भारतीय रतलाम के सदस्य हेतराम बिश्नोई, विश्व प्रताप सिंह, पंकज मीणा, महेश सोलंकी,ललित चोपड़ा, विजय धनोतिया, रौनक चोपड़ा, चंद्र प्रकाश सारडा, विवेक कपूर, पलक धुन, रघुवीर सोलंकी आदि उद्योगपति संस्था के पदाधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उक्त जानकारी युवा उद्योगपति एवं समिति मीडिया प्रभारी संदीप सकलेचा ने दी।

श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज का राष्ट्रीय सम्मेलन मंथन भीनमाल में होगा

रतलाम।

अखिल भारतवर्षीय श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज संस्था पुष्कर द्वारा देश की सभी इकाइयां और समाज का राष्ट्रीय सम्मेलन मंथन 28-29 दिसंबर को भीनमाल राजस्थान में आयोजित किया जा रहा है उपरोक्त विचार पुष्कर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष विधु शेखर दवे ने इंदौर नृसिंह वाटिका में आयोजित सामूहिक उद्यापन के दौरान बैनर विमोचन के अवसर पर समाजजनों को संबोधित करते हुए व्यक्त किया।

आपने कहा कि इस मंथन सम्मेलन में देश के सभी प्रदेश के श्रीमाली ब्राह्मण समाज को आमंत्रित किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित रतलाम श्रीमाली ब्राह्मण समाज के प्रकाश चंद्र व्यास ने संबोधित करते हुए कहा कि इंदौर वैसे तो स्वच्छता में नंबर वन है लेकिन श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज इंदौर ने 28 जोड़ों का सामूहिक उद्यापन कर 2000 श्रीमाली ब्राह्मण समाज को एकत्रित कर जो कार्य किया है उसमें भी वह नंबर वन हो गया। आपने कहा कि समाज प्रगतिशील हो यही सभी के प्रयास होना चाहिए। मतभेद जरूर रखें मन भेद न रखें एक श्रीमाली श्रेष्ठ श्रीमाली के विचार से हम आगे बढ़े।प्रकाश व्यास ने आयोजन समिति को व्यास परिवार की ओर से 11000 की राशि प्रदान की। इस अवसर पर महामंत्री कैलाश त्रिवेदी महेंद्र बोरा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के दौरान अतिथि विधु शेखर दवे, कैलाश त्रिवेदी, गिरीश दवे, प्रकाश चंद्र व्यास, प्रशांत व्यास, कुलदीप त्रिवेदी, नरेंद्र बोरा आदी का इंदौर समिति के अध्यक्ष दीपेश व्यास, आशीष ओझा, राजेंद्र श्रीमाली, निकुंज व्यास आलोक ओझा, राजेंद्र त्रिवेदी आदि के द्वारा अभिनंदन पत्र एवं माला भेंट कर अभिनंदन किया।

सहकारी संस्थाओं के संचालक मण्डल को अपने ज्ञान को बढ़ाने के साथ जागरुक रहकर कार्य करना होगा

रतलाम। सहकारी संस्थाओं के संचालक मण्डल को अपने ज्ञान को बढ़ाने के साथ जागरुक रहकर कार्य करना होगा। सहकारिता क्षेत्र व्यापक है, इसको समझना व आगे बढ़ाना होगा तभी हम गाँव का व देश का विकास कर सकेंगे।

उक्त विचार जिला सहकारी संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिरुद्ध शर्मा ने व्यक्त किए। जावरा में क्षेत्र की दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्थाओं के संचालक मण्डल हेतु तीन दिवसीय नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सहकारी शिक्षा केन्द्र नई दिल्ली व जिला सहकारी संघ मर्यादित रतलाम के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

श्री शर्मा ने कहा कि जिला सहकारी संघ का निरंतर यही प्रयास रहा है कि सहकारी आन्दोलन से जुड़े लोग प्रशिक्षित हो तथा सहकारी आन्दोलन का विकास हो सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र इन्दौर के पूर्व प्राचार्य के. एल. राठौर ने प्रशिक्षणार्थियों को सहकारी संस्था की सफलता व सक्षमता में नेतृत्व की भूमिका पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र इन्दौर के पूर्व प्राचार्य निरंजनकुमार कसारा ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित बण्डवा, रिंगनोद, गोंदीधर्मसी, पाताखेड़ी, बड़ायला सरवन, रियावन और पंचेवा के संचालक मण्डल के सदस्य एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला सहकारी संघ के जनसंपर्क अधिकारी पिंकेश भट्ट ने किया।

किसानों का जल सत्याग्रह: खेत पर जाने का रास्ता नहीं

रतलाम।

जिले के हतनारा गांव के किसानों ने बुधवार को जल सत्याग्रह पर बैठ गए। किसानों का कहना है कि उनके खेतों में जाने का रास्ता नहीं है। इस कारण फसल बर्बाद हो जाएगी। पूर्व में कई बार जिला प्रशासन को अवगत करा चुके है। लेकिन, किसी ने ध्यान नहीं दिया।

हतनारा गांव रतलाम से करीब 18 किमी दूर खाचरौद रोड पर है। गांव के बीच कुड़ेल नदी है। नदीं के पास गांव के करीब 200 से अधिक किसानों के 1800 से 2 हजार बीघा जमीन है। बारिश के कारण खेतों में जाने का रास्ता नहीं बचा है। बीच में नदी आती है, जिसे पार कर जाना पड़ता है। नदी में अभी पानी है। बहाव भी

है। गांव से निकल रहे रास्ते पर पैदल चलना मुश्किल हो गया है। ट्रैक्टर से लेकर पशु को भी नहीं ले जा सकते। खेती नदी के पार है। ज्यादा समस्या बारिश में आती है।

पानी में किसानों के बैठने की जानकारी मिलने पर रतलाम जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ निर्दशक शर्मा भी पहुंचे। बांगरोद पुलिस चौकी प्रभारी आनंद बागवान समेत पुलिस कर्मी पहुंचे। अतिरिक्त सीईओ ने ग्रामीणों से चर्चा से की। ग्रामीण विधायक मथुरलाल डामर से भी चर्चा कराई। लेकिन ग्रामीण मानने के लिए तैयार नहीं थे। उनका कहना था कि कलेक्टर आएंगे तभी हम यहां से उठेंगे।

हर बारिश में आती है समस्या

ग्रामीण समरथ पाटीदार ने बताया- पहले भी कई बार रास्ते को लेकर ग्राम पंचायत से लेकर जिला प्रशासन को आवेदन दे चुके हैं। लेकिन, कोई ध्यान नहीं देता। हर बार बारिश में समस्या आती है।

चर्चा कर समाधान निकालेंगे

अतिरिक्त सीईओ शर्मा ने बताया किसानों की मांग सुनी है। वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर समस्या का हल किया जाएगा।

अनंत चतुर्दशी के भव्य चल समारोह में विशाल जनसमुदाय द्वारा बीबीबीपी शपथ से प्रसन्न हुए आमजन

रतलाम। जिला रतलाम में महिला बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिंह और सहायक संचालक सुश्री अंकिता पंडिया के सफ़ल मार्गदर्शन में दिन में जहां एक ओर बालिका छात्रावासों की बालिकाओं ने पूर्ण उत्साह के साथ बीबीबीपी लोगो के साथ सप्ताह 14 की खुशी मनाई। खुशी से नाच उठी बालिकाएं, अधीक्षिका ओर महिला बाल विकास की टीम।

तो वही दूसरी ओर रात्रि के दौरान .अनंत चतुर्दशी' के भव्य चल समारोह में विशाल जनसमुदाय द्वारा .बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की शपथ का हार्दिक स्वागत करते हुए हब्ब के सप्ताह 14 को हर्षोउल्लास से मनाते हुए भारत सरकार द्वारा महिलाओं व बालिकाओं हेतु .हब्ब' इकाई द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना की गई। आयोजन में सक्रीय सहयोग महिला बाल विकास टीम का रहा।

मंत्री काश्यप ने अनंत चर्तुदशी पर निकलने वाली झांकियों का किया शुभारंभ

रतलाम।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने अनंत चर्तुदशी के अवसर पर शहर में निकलने वाली विभिन्न झांकियों एवं अखाड़ों का विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विभिन्न अखाड़ों एवं मंचों ने मंत्री श्री काश्यप का शॉल, श्रीफल भेंट कर स्वागत-अभिनंदन किया। शुभारंभ के साथ ही शहर में अलग-अलग स्थानों से झिलमिल झांकियों के साथ अखाड़ों का कारवा निकलना शुरू हो गया। मंत्री श्री काश्यप ने कार्तिक अखाड़ा त्रिपोलिया गेट, श्री नागेश्वर

हिंद व्यायामशाला राजेंद्र नगर, श्री राधाकृष्ण व्यायामशाला बाजना बस स्टैंड, आदर्श युवक हिंद व्यायामशाला चांदनी चौक, आरोग्य हिंद व्यायामशाला कॉलेज रोड पहुंचकर झांकियों के साथ शस्त्र पूजन कर अखाड़ों की शुरूआत की। कॉलेज रोड पर आरोग्य हिंद व्यायामशाला के मंच पर संत नर्मदानंद बापजी के आगमन पर मंत्री श्री काश्यप ने उनका स्वागत, अभिनंदन कर आशीष लिया। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, विधानसभा संयोजक मनोहर पोरवाल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य निमिष व्यास, महिला मोर्चा सदस्य अनीता कटारिया, जिला कोषाध्यक्ष जयवंत कोठारी, जिला सह कार्यालय मंत्री राकेश नागर, प्रहलाद राठौड़, मंडल अध्यक्ष कृष्णा सोनी, महामंत्री नंदकिशोर पंवार, राकेश परमार, एमआईसी सदस्य विशाल शर्मा, धर्मेंद्र व्यास, पार्षद रणजीत टांक, परमानंद योगी, योगेश पापटवाल, कैलाश भारतीय, महावीर पहलवान, रामबाबू शर्मा, चंदर पहलवान, डॉ राजेंद्र शर्मा, अशोक चौटाला, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विप्लव जैन, गौरव मूणत, रविंद्र पाटीदार, सत्यनारायण शर्मा, घनश्याम परमार, देवीसिंह गोयल, रामबाबू शर्मा, निलेश पटेल, हार्दिक मेहता, अनोखीलाल कटारिया, अशोक जैन लाला, राजेश सक्सेना, विक्की सोलंकी, संजय सोलंकी, धीरेंद्रसिंह सोलंकी, आदि उपस्थित

20 सितंबर को सैलाना में किसान न्याय यात्रा निकालेगी कांग्रेस

रतलाम।

किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर 20 सितंबर को किसान न्याय यात्रा का आयोजन होगा। रतलाम के सैलाना में इस यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

इसी संदर्भ में आज जानकारी देने हेतु एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता में किसान न्याय यात्रा रतलाम यात्रा प्रभारी पूर्व विधायक हर्ष विजय गहलोत ने जानकारी दी।

श्री गेहलोत ने बताया प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर किसानों समस्याएं, बढ़ती मंहगाई, अनुसूचित और अनुसूचित जनजाति व अल्पसंख्यकों से भेदभाव, महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध के विरोध में एक विशाल यात्रा का आयोजन होगा।

सोयाबीन की फसल के भाव पिछले 10 सालों से स्थिर है। आज किसान सोयाबीन को 4 हजार रुपए में बेचने को मजबूर है। किसानों को उनका मेहनताना भी

नही मिल पा रहा है। खाद और बीज के भाव आसमान में है। किसान काफी संघर्ष कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों से वादा किया था कि आजादी के 75 वे साल में किसानों की आय दोगुना कर देंगे लेकिन ऐसा कुछ अब तक नही हो पाया। किसानों को अभी भी पुराने और स्थिर भाव में नुकसान लेकर अपनी फसल को बेचना पड रही है। राहुल गांधी जी काफी लंबे समय से किसानों के लिए फसलों की रूस्क्क तय करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं !रैली के माध्यम से पूरे प्रदेश में अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों पर हो रहे अत्याचार, बढ़ते अपराध और महंगाई, बेतहाशा बिजली बिल जैसे मुद्दों पर सरकार को जगाने का प्रयास किया जाएगा। सैलाना में हजारों की संख्या में रैली निकालकर सैलाना एसडीएम को इन सभी मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। प्रेस वार्ता में शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, जिला कांग्रेस (ग्रामीण) कार्य वाहक अध्यक्ष दिनेश शर्मा, नेता प्रतिपक्ष शांतिलाल वर्मा, उपनेता प्रतिपक्ष कमरुद्दीन कछवाय, ब्लॉक अध्यक्ष बसंत पंड्या, प्रवक्ता जोएब आरिफ उपस्थित थे।

विचार प्रवाह

आख़िर कैसी आधुनिकता

महिलाओं का आज का दौर बड़ा अजीबोग़रीब हो गया हैं। आधुनिकता की आड़ में महिलाएँ या कहे लड़कियाँ अर्ध नग्न कपड़े पहनकर सड़कों पर घूमती नज़र आती है । शर्म आती हैं ऐसे माताओं पर जो अपने मासूमो को ऐसे कपड़ों में घर के बाहर निकालती है। महिलाओं का आज का स्वभाव भी उनके कपड़ों की तरह फटाफटा सा हो गया है।हम जो कपड़े पहनते हैं, उसका प्रभाव हमारे मन, बुद्धि, आत्मा हमारे स्वभाव तथा चरित्र पर पड़ता है।अर्धनग्न केवल लड़कियां और औरतें ही ऐसे सूट साड़ी या ड्रेस जिसमें पूरी पीठ, पूरी टागे, पूरा वक्ष क्यों दिखाती है? मॉडर्न दिखने के चक्कर में लड़कियां केवल अर्ध नग्न कपड़े को ही आधुनिकता क्यों समझ रही है? मेरी जिंदगी, मेरा फैसला अगर सही है तो नग्नता का फैसला ही क्यों लेती है? अपनी कला, या अपना पुरोगामित्व सिद्ध करने के लिए ऐसे करते क्यूं नही नजर आते? यह भेदभाव क्यों? यह तो एक नही , हमको अर्धनग्न लड़के क्यों नही नजर आते? क्यों नहीं लड़के अपने शरीर का प्रदर्शन करते हुए रास्ते पर दिखते ? चाहे पार्टी हो, या शादी, हर आदमी बढ़िया सर से पांव तक पूरा ढका रहता है, चाहे जितना मॉडर्न हो।आप किसी भी फिल्मी समारोह को देखिए चाहे ऑस्कर हो या हमारा फिल्मफेयर, आदमी पूरे बढ़िया सूट बूट वाले और सारी औरतें ऊपर से, पेट से, कमर से कटे कपड़े पहनकर नजर आएंगी। ये क्यों है दोगला पन है।अपना शरीर लोगों को दिखाना यह एक साधारण लड़की के मन में तब तक नही आएगा जब तक की वह हमारी मीडिया से एक्सपोज नही होगी। हम अपने आप को ही पुरुषप्रधानता का और शिकार बना रहे है। लड़के लो कट टी शर्ट, टांगे दिखानेवाल जीन्स या जिन में गर्मी से जान जा रही हो ऐसे चुस्त जीन्स में क्यों नजर नहीं आते? उनकी जींस बढ़िया आरामदेह , ।उनका तैराकी का पोशाक भी पूरा बॉटम ढकता है, महिलाओं का बस त्रिकोण , बाकी शरीर खुला। क्यों? क्या यह नैसर्गिक है?खेल खेलते समय भी देखिए, लड़के आरामदेह और अच्छी ढ़ीली ढाली शॉर्ट्स पहनते है पर लड़कियां वह पर भी पूरा शरीर दिखाती है तो यह बात की आराम के लिए लड़कियां ऐसे करती है यह बात समझ नही आती।फैशन के इस युग में अनचाहे ही लड़कियां अपने आप को आधुनिक और नई पीढ़ी की सीखने के चक्कर में दलदल में और फंसती जा रही है।मुझे स्वतंत्रता है तो मैं अपना शरीर दिखाऊंगी? यह काहे की स्वतंत्रता। मन चाहे कपड़े सब लोगों के अर्ध नग्न ही क्यों होते है?अपनी सिनेमा में काम करनेवाली लड़कियां ऐसे करे तो समझ में आता है। उनको काम उनके शरीर के सुंदरता की वजह से मिल है, लोग वही देखन चाहते है, तो निर्माता उनका शरीर बेच रहे है, लोग वही देखने जा है इसलिए अर्ध नग्न नायिका केवल पैसे कमाने के लिए दिखाई जाती है। चाहे लोग उसे कुछ भी नाम दे, कला कहें या अस्तित्व वादी कहें या जो भी यह सच है की औरतों को अपना देह दिखाने के पैसे मिलते है। चलो, मान लिया यही वह का दस्तूर है और पैसे के लिए कुछ भी कर लेती है लड़कियां । पर जब असहज होकर अपना शरीर सारी दुनिया के सामने रखती लड़की देखने से अचरज होता है। समाज के बड़े समूह के बारे में यह कह सकती हूं के राह चलते लोग हमारे शरीर को देखे तो हम सब को असहज लगेगा। ना केवल स्त्री को पुरुष को भी। किसी को भी लगेगा।फिर कौन सी बात है जा केवल अपने आपको मॉडर्न समझने वाली लड़कियां ही समझ पाती है और वह अपना शरीर सबके सामने खुला कर रखना चाहती है? यह पुरुषप्रधान संस्कृति की सबसे बड़ी जीत लगती है जिन्होंने लड़कियों को वही करने के लिए मजबूर किया भाई जो वह खुद चाहते है। ।अगर आप सचमुक आधुनिक लड़कियां या महिलाएं देखना चाहेंगे तो दुनिया भरी पड़ी है उनसे। जो हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ काम करती है, सही में आधुनिक है पर उनकी आधुनिकता अपना शरीर खुला करने में नही है। वह भी पुरुषों की तरह आराम देय अपने काम के अनुसार कपड़े पहनती है। एक आईएएस अधिकारी, एक डॉक्टर, एक अभियंता, एक अध्यापिका, एक शेफ, एक पुलिस कर्मी, इनको क्यों नही ऐसे कपड़े पहनने की इच्छा होती? यह तो स्वतंत्र है, इनपर समाज का दबाव भी नही है, अपना कमाती है, कई तो शादिसुदा भी नही है फिर भी अपना शरीर ढकना ही पसंद करती है।कपड़े एक जरूरत है अपने आप को सुरक्षित रखने के लिए। यह जो किस्म की बातें है वह केवल एक व्यवसाय है। केवल पैसा बनाने का माध्यम और साधन। हर साल कुछ फिल्म वाली लड़कियों को अजीब , छोटे छोटे कपड़े पहना कर फोटो डाल दी जाती है ।।हर व्यक्ति को अपनी पसंद के कपड़े पहनने का अधिकार है। पर अगर यह सोच मौलिक होती तो विचार भी किया जा सकता था। मै रूढ़िवादी नही हूं। मुझे कपड़ों से आपत्ति नहीं है। मुझे खुद हर किस्म के कपड़े पहनना पसंद है लेकिन मैं ही नही, मेरी बिटिया भी जो भी पहने तो लोग हमें घूरें या देखें यह भाव उसमे नही होता। हम समाज के कई रूढ़ियों के प्रति विरोध प्रदर्शित करते हैं पर उसमे कम कपड़े पहनना शामिल नहीं है। वैसे तो मैं यह भी जानते हो कि सड़क पर चलने वाली महिलाओं को लोग साड़ी और सूट में भी गंदी नज़र से देखते हैं फिर भी मैं यह कहना चाहूंगी कि बहुत अधिक अर्ध नग्न कपड़े पहनकर सड़क पर नहीं घूमना चाहिए।

लेखिका - ऊषा शुक्ला
इफ़को आँवला बरेली यूपी

एनसीसी इकाई द्वारा किया गया विशेष व्याख्यान का आयोजन

खरगोन। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महावि.लय खरगोन की सीसी इकाई द्वारा प्राचार्य डॉक्टर शैली जोशी के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग रखने के महत्व पर चर्चा विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया .

इस अवसर पर महिला एनसीसी अधिकारी डॉ रंजीता पाटीदार ने गीले एवं सूखे कचरे पर चर्चा करते हुए बताया कि क्यों हमें गीला एवं सूखा कचरा का अलग-अलग संग्रहण करना चाहिए . सूखा कचरा जैसे कि कागज पॉलीथिन प्लास्टिक के टुकड़े एवं घर से निस्तारित किए गए अन्य ठोस अपशिष्ट को नीले डस्टबिन में संग्रहण करना चाहिए. इसी प्रकार रसोई से निकला हुआ गीला कचरा जिसमें कच्ची सामग्री शामिल है जैसे कि फल एवं सब्जियों के अवशेष एवं अधिक पके हुए फल सब्जियां पेड़ पौधों की पत्तियां इत्यादि पदार्थ हरे रंग के डस्टबिन में संग्रहित किए जाने चाहिए. कचरा वाहनों में गीले एवं सूखे कचरे को डालने के लिए अलग-अलग भाग होते हैं जो नीले एवं हरे रंग से प्रदर्शित किए जाते हैं। सूखा कचरा सरलता से पुनर्चक्रण प्रक्रिया में भेजा जा सकता है. वहीं गीला कचरा

खाद बनाने के लिए उपयोगी होता है . डॉ पाटीदार ने खतरनाक सामग्री यथा कांच के अवशेष कांच की शीशियों, उपयोग किए गए सेफ्टी पिन एवं अन्य धात् के उपकरणों के अवशेष पर चर्चा करते हुए बताया कि हमें बड़ी सावधानी पूर्वक इन खतरनाक वस्तुओं को अलग से संग्रहित करना चाहिए। उनके लिए काले रंग के डस्टबिन का उपयोग किया जाता है एवं कचरा वाहन में काले रंग का एक भाग खतरनाक मटेरियल संग्रहित करने के लिए होता है. खतरनाक वस्तुओं को यदि पृथक से संग्रहित ना किया जाए तो वह पशुओं एवं मनुष्यों के जीवन के लिए जोखिम पूर्ण हो सकते हैं। भारतीय जीवन पद्धति में कचरा का निपटान करने से ही दिन की शु. आत की जाती है। प्रत्येक घर में सुबह सबसे पहले झाड़ू लगाने के माध्यम से कचरे को घर से पृथक किया जाता है। रसोई में भी सबसे पहले झाड़ू बुहार करके एवं रात्रि में खुले रखे हुए बर्तन साफ करके रसोई से कार्बन डाइऑक्साइड निकालने का कार्य किया जाता है.

व्याख्यान में डॉक्टर पाटीदार ने एक छोटी सी कहानी के माध्यम से व्यक्तिगत भूमिका को स्पष्ट करते हुए बताया कि किस प्रकार हम अपने पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए कचरे का सही प्रबंधन करके अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने रिड्यूस रीयूज एवं रीसायकल की प्रक्रिया का महत्व भी समझाया व्याख्यान में एनसीसी के छात्र एवं छात्र-छात्राओं ने चर्चा में प्रश्नोत्तरी के माध्यम से सहभागिता की एवं अपने अनुभव साझा किए. इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन एनसीसी पु.ष इकाई के कार्यक्रम अधिकारी संतोष राठौड़ द्वारा किया गया .

गोगावां जनपद में चलाया स्वच्छता ही सेवा अभियान

खरगोन। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म-दिन 17 सितम्बर से प्रारम्भ हुए स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन 02 अक्टूबर गांधी जयंती पर होगा। स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान जन-जन को स्वच्छता अपने व्यवहार में आत्मसात करने व प्रेरित करने के लिए सभी स्तर पर स्वच्छता सम्बंधी विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जा रही है।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान स्थानीय स्तर पर जन-प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नागरिकों को स्वच्छ भारत बनाने के लिये शपथ दिलाई जायेगी। छात्रों

और युवाओं की भागीदारी के साथ स्वच्छता पर केन्द्रित गीत, नृत्य, प्रश्नोत्तरी और नुक्कड़ नाटक विभिन्न स्थानों पर आयोजित किये जायेंगे। अभियान के दौरान स्वच्छता पर केंद्रित ÷स्लोगन÷ लेखन के कार्यक्रम भी होंगे, सरकारी कार्यालय और सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया जायेगा। इसी कड़ी में 18 सितंबर को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जनपद पंचायत गोगावा की ग्राम पंचायत गोपालपुरा की अमृत बाल वाटिका की साफ सफाई की गई। साथ ही गोगावां जनपद की ग्राम पंचायत ठिबगांव बुजुर्ग की आंगनवाड़ी व स्कूल के बच्चों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, साहयिका, स्कूल स्टाफ के साथ प्रेरक रूपसिंह चौहान द्वारा साथ साझा हाथ धुलाई की गई। वहीं शहीद राजेन्द्र यादव हायर सेकेंडरी स्कूल घुघरियाखेड़ी में एवं ग्राम पंचायत नागझिरी द्वारा 18 सितंबर को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत साइकिल रैली का आयोजन कर नागरिकों को स्वच्छता बनाये रखने का संदेश दिया गया।

पीएचई विभाग द्वारा हॉस्टल/ आश्रम चलाया गया जल परीक्षण एवं स्वच्छता अभियान

खरगोन। कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा एवं जन जल जागरूकता के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा जल परीक्षण एवं स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा हैं इसी कड़ी में आज 17 सितंबर को उमरखली स्थित में स्थित जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित हॉस्टल में जल परीक्षण किटएवं जीवाणु परीक्षण ॥2स्-वायल प्रदान कर, विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया गया और जलजनित रोगों से बचाव के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा जल परीक्षण किट से स्वयं अपने उपयोग में होने वाले जल का परीक्षण किया गया। जल परिक्षण में एफटीके द्वारा परीक्षण करने पर पेयजल शुद्ध पाया गया। इस दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के विकासखंड समन्वयक द्वारा पेयजल की उपलब्धता एवं उसके शुद्धिकरण पर चर्चा की गई। विद्यार्थियों ने अपने विचार साझा करते हुए बताया कि जल परीक्षण दैनिक जीवन से जुड़ा हुआ है। इसलिए छात्राओं को संकल्प दिलवाते हुए हर समय पर पानी की जाँच कर जल परीक्षण रिकॉर्ड संधारण करेंगे। स्वच्छता हीं सेवा अभियान की शुरुआत के साथ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा अभियान निरंतर ग्रामीण क्षेत्रों स्थित आश्रम, छात्रावास, स्कूलों में चलाया जाएगा।

जिस माह की राशन सामग्री है उसी माह प्राप्त करें

खरगोन।

भारत सरकार द्वारा एनएफएसए 2013 अंतर्गत सम्मिलित पात्र परिवारों प्रतिमाह वितरित खाद्यान्न के डाटा का मिलान के लिए मैपर्स रिपोर्ट की संशोधित स्टेण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर निर्धारित की गई है। जिसके अनुसार 01 से 30 तारीख तक आवंटन माह में पात्र परिवारों को खाद्यान्न वितरण की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी श्री भारत सिंह जमरे ने समस्त पर्चीधारी उपभोक्ताओं को सूचित किया है कि प्रचलित महिने की राशन सामग्री उसी महिनें यानि 01 से 30 तारीख तक ही प्राप्त कर लें। जो उपभोक्ता निर्धारित माह में किसी कारण से राशन सामग्री नहीं प्राप्त करता हैं तो उन्हें दूसरे माह की राशन सामग्री प्राप्त करने की पात्रता नहीं होगी।

जिले के एनएफएसए, 2013 अंतर्गत सम्मिलित पात्र परिवारों को सूचित किया है कि माह सितंबर 2024 की राशन सामग्री 30 सितंबर तक ही प्राप्त होगी। आगामी माह में सितंबर माह का खाद्यान्न का वितरण नहीं किया जायेगा तथा प्रतिमाह जिस माह की राशन सामग्री है उसी माह प्राप्त करना सुनिश्चित करे।

समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन हेतु पंजीयन 19 सितम्बर से 04 अक्टूबर तक

खरगोन। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए जिले में कुल 11 किसान पंजीयन केन्द्र प्रस्तावित किये गये है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान, ज्वार एवं बाजरा का पंजीयन 19 सितम्बर से 04 अक्टूबर 2024 तक अवधि नियत की गई। शासकीय कार्य दिवस रविवार एवं शासकीय अवकाश को छोडकर पंजीयन किया जायेगा। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री भारत सिंह जमरे ने बताया कि पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर तथा एम.पी. किसान एप पर भी की गई है। पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है। इन केन्द्रों पर पंजीयन के लिये 50 रूपये से अधिक शुल्क निर्धारित नहीं किया जाएगा। धान, ज्वार एवं बाजारा उपार्जन के लिए जिले में कुल 11 पंजीयन केंद्र बनाएं गए हैं। इनमें विवेकानन्द सेवा सहकारी संस्था झिरन्या, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था महेश्वर, जनहित विपणन सहकारी संस्था करही, देवश्री सहकारी संस्था कसरावद, कसरावद बुजुर्ग, श्री शक्ति सहकारी विपणन समिति गोगावां, श्री गणेश सहकारी विपणन समिति खरगोन, सतपुड़ा सहकारी विपणन समिति भगवानपुरा, दि को. ऑपरेटिव्ह मार्के. सोसायटी लि. भीकनगांव, दि कोऑपरेटिव्ह मार्के. सोसायटी सनावद-, बडवाह, दि कोऑपरेटिव्ह मार्के. सोसायटी सनावद, मातेश्वरी मार्के. सोसायटी लि. सेगाव को पंजीयन केंद्र बनाया गया है।

हिंदी दिवस पर साहित्यकारों और कलाकारों ने कथा ,गीत और हिन्दी प्रसंग सुनाए

महेश्वर।

हिंदी दिवस के अवसर पर अनिलोप के तत्वावधान में नगर के स्टेट बैंक के पास स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में नगर के साहित्यकारों, कलाकारों, गायकों ने अपनी प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम की शुरुआत गायिका प्रमिला रन्सोरे की सुमधुर गणेश वंदना से की गई तत्पश्चात अन्य कलाकारों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। नगर के वरिष्ठ नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता पीके गुप्ता, अखिल निमाड़ लोक परिषद के जिला अध्यक्ष हरीश दुबे, जिला तैराकी संघ के जिला संयोजक आशीष मेहता, अखिल निमाड़

लोक परिषद महिला इकाई की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शास्त्री कार्यक्रम अतिथि थी । लोक गुंजन नाट्य संस्था के रंगकर्मी कृष्ण लाल विश्वकर्मा ने मुंशी प्रेमचंद द्वारा रचित कहानी रंगीले बाबू का निमाड़ी नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत किया, वही सत्यदेव बंदूके, आशीष मेहता मनीष मेहता ने भी हिंदी कविता सुनाई। श्रीमती मनीषा शास्त्री ने गणेश जी का निमाड़ी गीत प्रस्तुत किया, सुनील गाडो ,कृष्णकांत केशवरे, मनमोहन जोशी, नवीन कुशवाह ने भी हिंदी प्रसंग प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के विशेष अतिथि पीके गुप्ता ने हिंदी विषय की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए हिंदी लेखन और प्रोत्साहन को लेकर अपनी बात कहते हुए बताया कि हिंदी वैज्ञानिक ,प्राचीन और समृद्ध भाषा है जिसका अधिक से अधिक इसका उपयोग किया जाना चाहिए। अखिल निमाड़ लोक परिषद के जिला अध्यक्ष हरीश दुबे ने संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार में मीडिया और फिल्मी दुनिया के गीतकारों का बड़ा योगदान रहा है लेकिन व्यावसायिक रूप से उपयोग किए जाने वाली दुकानों के साइन बोर्डों पर उपयोग की जानेवाली हिंदी में सुधार किए जाने की बहुत आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन विजय जोशी शीतांशु लघु कथाकार ने किया वहीं आभार हरि वल्लभ शास्त्री ने माना। इस अवसर पर नरेंद्र झावरे , रामेश्वर सेन ,सतीश यादव के साथ अन्य कई नगरवासी उपस्थित थे।

पोषण माह पखवाड़ा के तहत भामपुरा व दसनावल में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

खरगोन। कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के निर्देशन में तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ. वासुदेव आसलकर के मार्गदर्शन में पोषण माह पखवाड़ा के परिप्रेक्ष्य में 18 सितंबर को आयुष्मान आरोग्य मंदिर भामपुरा द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र बेड़ीपुरा भामपुरा में नि:शुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में सीएएमओ डॉ. शीतल वर्मा द्वारा धात्री एवं गर्भवती महिलाओं के साथ बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं मौसमी बिमारियों से बचाव के लिए उचित मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही दिनचर्या अनुसार आहार विहार के बारे में समझाइश दी गई। पैरामेडिकल स्टाफ की श्री सुचित चौकड़े, औषधि संयोजक श्री दौलत सिंह चौहान, औषधि संयोजक श्रीमती बसंती गवली, महिला आयुर्वेद स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं श्री कैलाश वर्मा दवासाज के द्वारा औषधियों का वितरण किया गया। इस शिविर में 51 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। इसी प्रकार शासकीय आयुर्वेद औषधालय दसनावल द्वारा आंगनवाडी केंद्र क्रमांक-3 दसनावल में 52 रोगियों का नि:शुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधियों का वितरण किया गया।

जी. आर. व्हाय. इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी, बोरावां में एच.आई.वी. सघन जागरूकता अभियान एवं स्वास्थ्य परीक्षण

बोरावां । 12 अगस्त से 12 अक्टूबर 2024 तक मध्यप्रदेश में एचआईवी-एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए, राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा इंडिया फ़ाइट्स एचआईवी एंड एसटीआई के रूप में सघन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ।

इस अभियान के अंतर्गत बुधवार 18 सितम्बर को जी. आर. व्हाय. इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी, बोरावां में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम, रेड रिबन क्लब और एनएसएस संगठनों के सहयोग के द्वारा संस्था के विद्यार्थियों व शिक्षकों को जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कसरावद के स्वास्थ्य विभाग

से अमर राठौड व विरेन्द्र शर्मा टीबी विभाग, आई.सी.टी.सी. सुपरवाइजर व एचआईवी-एड्स सलाहकार हिमांशु राठौड, समस्त कार्यक्रम अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सघन जागरूकता अभियान का महत्व एवं रूप रेखा बताई। उन्होंने बताया की इस अभियान का उद्देश्य जनसामान्य विशेष रूप से 15 से 49 वर्ष आयुवर्ग के युवाओं व पूरे समाज को जागरूक करना है, ताकि वे अपनी सुरक्षा के प्रति सचेत हो सकें खुलकर अपनी बात रख पाएँ, अपनी जिज्ञासाओं का समाधान पा सकें। सुरक्षित

व्यवहार का पालन करें, साथ ही नागरिक समय से अपनी जाँच कराने और उपचार प्राप्त करने में संकोच न करें, साथ ही राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जाँच एवं उपचार सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। अभियान में एचआईवी संक्रमित एवं प्रभावित व्यक्तियों के प्रति भ्रांतियों को दूर करने के प्रयास भी किये जायेंगे ताकि भेदभाव को रोका जा सके। जिले में 07 आईसीटीसी सेंटर संचालित हैं, जहाँ एचआईवी वायरस की नि:शुल्क जाँच एवं टेस्ट के पूर्व एवं बाद में काउंसलिंग भी की जाती है। जिले में संचालित 01 एआरटी में संक्रमित मरीज़ों का नि:शुल्क उपचार एवं दवा वितरण किया जाता है।

उन्होंने कहा कि इसका मुख्य कारण समय से जाँच न कराना एवं दवाओं का सेवन न करना पाया गया। इस दिशा में नागरिकों को जागरूक करने के प्रयास अभियान में किए जाएँगे ताकि ऐसी स्थिति को नियंत्रित किया जा सके।

जीआरव्हाय इंस्टीट्यूट ऑफ फॉर्मेसी बोरावां में जागरूकता अभियान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 150 विद्यार्थियों का टीबी, वीडीआरएल, हेपेटाइटीस एचआईवी-एड्स की जाँच एवं परीक्षण किये गये।

मेरा कॉलम

नेता जी की आंसू बहाने की नई कला

हरियाली, सुख-समृद्धि, और विकास का सपना देखने वाले नेताओं की सूची में नाम न देखकर विलाप करने वाले नेता जी पर जब हम नजर डालते हैं, तो यह सवाल स्वाभाविक रूप से उठता है कि क्या इनकी पूरी राजनीति का आधार केवल अवसर की तलाश है? न जाने कितने चश्मे हैं जिनसे नेता जी ने टिकट की लिस्ट देखी, लेकिन इन चश्मों की ताकत भी कभी इतनी कमज़ोर नहीं हुई कि इन्हें सही नाम न दिखा सके। आह! क्या यही है सच्ची राजनीति का मर्म? आइए, इस चिरपरिचित आंसू बहाने वाले नेताओं की हालत पर कुछ व्यंग्य की बौछार करते हैं। नेता जी, जिन्होंने कभी खुद को राजनीति का शेर समझा, अब उसी शेर की तरह बिना नाम की लिस्ट देखकर बिलख रहे हैं। यह देख कर लगता है जैसे राजनीति का प्याला, जिसमें हम सब समाने की उम्मीद लगाए बैठे हैं, अब उन्हीं नेताओं की आंखों से छलकने लगा है। लिस्ट न देखकर रोना, वास्तव में एक ऐसी हास्य-नाटकीय त्रासदी है, जिसे शब्दों में नहीं बांध सकते। लिस्ट में नाम न देखकर आंसू बहाना, नेता जी की नयी उपलब्धि है। ये वही नेता हैं जो कभी दूसरों के आंसू पोंछने का दावा करते थे, आज खुद आंसू बहाते हुए दिख रहे हैं। शेर की तरह दहाड़ने वाले ये नेता अब बिलकुल गीदड़ की तरह रो रहे हैं। हाय! यह राजनीति की ऐसी रंगीन चादर है, जो एक तरफ दिखाती है परछाई और दूसरी तरफ बुनती है विडंबना। जब इन नेताओं ने अग्निवीर स्कीम का समर्थन किया था, तब यह कोई अजीब बात नहीं थी। लेकिन अब जब अग्निवीर की राजनीति उन पर लागू हो गई है, तो आंसू की धारा बह रही है। इनकी स्थिति ऐसी हो गई है जैसे किसी बगीचे में पानी देने की बजाय हर पौधे को कलेवा देने लगे हों। जब तक यह फुल-टैंक थे, सब ठीक था। अब पंख लगे हैं और पानी की कमी का रोना शुरू हो गया है। किसी समय इन नेताओं ने बेरोजगारों की लिस्टों में नाम न देखकर अपनी शान बखानी थी। अब खुद की लिस्ट में नाम न देखकर वही नेता जी फफक-फफक कर आसमान सिर पर उठा रहे हैं। अरे भाई! जब बेरोजगारी की लिस्ट पर फेंकने की बारी थी, तब किसी ने नहीं सोचा कि ये आंसू भी कभी अपने दरवाजे पर दस्तक देंगे। नेता जी की राजनीतिक यात्रा एक ऐसे नाटक की तरह है, जिसमें हर दृश्य की कहानी अलग होती है और अंत में सब कुछ बेमोल निकलता है। अब ये नेता जी उस नाटक के बुरे अभिनेता की तरह हैं, जो जब मंच पर आता है तो सिर्फ अजीबो-गरीब हरकतें करता है। क्या नेता जी की वास्तविक राजनीति का यही मतलब है, कि जब तक लाभ है तब तक मुस्कान, और जब दिक्कत आए तो आंसू? नेता जी का हाल ऐसा, जिसमें डूबता हुआ आदमी तिनके का सहारा लेता है। इन नेताओं ने कभी संजीवनी बूटी की तरह अपने वादों से जनता को ढांढस बंधाया, लेकिन जब खुद को किल्लत का सामना करना पड़ा, तो यही नेता जी आंसुओं की झड़ी लगाने लगे। अरे भाई, तुम्हारी लिस्ट का नाम न देखकर रोने की बजाय अगर उन लोगों के बारे में सोचा होता जिनकी भर्ती कैंसिल हो गई, तो शायद दिल बड़ा होता! इस सबके बीच, नेता जी की राजनीति और उनकी आंसू बहाने की कला दोनों ही एक गहन अध्ययन का विषय बन गए हैं। यह व्यंग्य केवल एक टीका-टिप्पणी नहीं, बल्कि हमारी राजनीति की वास्तविकता पर एक कड़ा सवाल है। क्या राजनीति केवल अवसरों की खोज है, या फिर इसमें सचमुच लोगों की भलाई का कोई मतलब भी है? नेता जी का नाम लिस्ट में न देखकर रोना, राजनीति के रंगमंच पर एक नई परत जोड़ता है। यह समझना जरूरी है कि राजनीति में आंसू बहाना आसान है, लेकिन सच्चे कर्म करना और समाज की भलाई के लिए काम करना, यही असली चुनौती है। जब तक नेता जी इन आंसुओं से बाहर नहीं निकलते, तब तक उनकी राजनीति भी एक मजेदार नाटक की तरह ही बनी रहेगी।

भुतेड़ा में प्रारंभ हुआ शिक्षक संघ का सदस्यता अभियान

जावरा । मध्य प्रदेश शिक्षक संघ द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर वर्ष 202425 की सदयस्ता के लिए संघ द्वारा सदयस्ता अभियान जिला संगठन मंत्री बीएल मंडोतिया, तहसील संगठन मंत्री विजय सैनी, जिला उपाध्यक्ष बाबुलाल छाबडा, जिला सचिव संजय द्विवेदी, तहसील सचिव दिनेश जायसवाल की उपस्थिति में ग्राम भुतेड़ा से अभियान प्रारंभ किया। बीएल मंडोतिया ने कहा कि शिक्षक संघ जिले में हर शिक्षकीय समस्याओं को अधिकारियो के सामने प्राथमिकता से रख कर समाधान करवाता है। अतः संगठन को मजबुत करते हुए अधिक से अधिक संघ के सदस्य बने।

माननखेड़ा बस स्टैंड परिसर की साफ सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

जावरा फोटो 8। पीएम मोदी का जन्मदिन व स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत माननखेड़ा द्वारा साफसफाई करते हुए नागरिकों से पंचायत को स्वच्छ बनाने की अपील की गई। इस दौरान पदाधिकारियों ने बस स्टैंड परिसर के आसपास साफसफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरन भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य यशवंत सिंह सोनु बना, कचरू वाद्येला, ओमकारलाल पाटीदार, बख्तावरसिंह सिसौदिया, भागीरथ माली, सुधीर वैध, दीपक राठौड़, पंचायत सचिव नानालाल मदारा, सहायक सचिव समरथ पाटीदार, कोटवार जस्सुलाल परमार, मनोहर सिंह, मोहन डागर आदि उपस्थित थे।

निकली भेदी रथ यात्रा, मांगी सामुहिक क्षमा

दिगम्बर जैन समाज के 10 दिवसीय पर्यूषण पर्व का हुआ समापन

जावरा। दिगम्बर जैन समाज के 10 दिवसीय पर्यूषण पर्व का समापन हुआ। बुधवार को समाजजनों ने पीपली बाजार स्थित सुव्रतनाथ मंदिर से भेदीजी की रथ यात्रा निकाली और क्षमापना पर्व मनाया। दोपहर 3 बजे मंदिर से निकली यात्रा में सबसे आगे धर्मध्वजा थी। पीछे पुरूष सफेद वस्त्र में चल रहे थे। साथ ही मुनि सुव्रतनाथ के रथ को कंधे पर लेकर समाजजन चल रहे थे। इसके पीछे महिलाएं जयकारे लगा रही थी। रथ यात्रा ने नरसिंहपुरा स्थित दिगम्बर मंदिर पहुंचकर समाजजनों ने दर्शन किए। देवदर्शन के बाद यात्रा पुनः प्रारंभ हुई जो शुक्रवारिया, सोमवारिया, लाला गली, तम्बाकु बाजार, खारीवाल मोहल्ला, नीमचौक, कोठी बाजार, बजाजखाना, जवाहर पथ होते हुए पुनः मंदिर पहुंची।

मनी सामुहिक क्षमापना

रथ यात्रा समापन के बाद सोमवारिया स्थित मांगलिक भवन पर समाजजनों का सामुहिक क्षमापना पर्व मनाया गया। जिसमें समाजजनों ने वर्षभर हुई गलती की एकदुजे से क्षमायाचना की। इसके बाद श्रीसंघ द्वारा स्वामीवात्सल्य हुआ। यात्रा में पुरूष के साथ बड़ी संख्या में महिलाए मौजुद थी।

किया कलशाभिषेक

पीपली बाजार स्थित मंदिर में कलशाभिषेक के लाभार्थी लुहाड़िया परिवार थे। तो वहीं नरसिंहपुरा स्थित मंदिर के लाभार्थी विजय ओरा परिवार रहे। रथ यात्रा की समाप्ती के बाद लाभार्थी परिवारों ने पिपली बाजार व नरसिंहपुरा मंदिर में कलशाभिषेक किया।

न्याय यात्रा 20 को सैलाना में, जावरा में बनी रूपरेखा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर व ग्रामीण की संयुक्त बैठक पूर्व नपाध्यक्ष की उपस्थिति में हुई संपन्न

जावरा। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 20 सितंबर को जिला स्तरीय किसान न्याय यात्रा सैलाना में आयोजित की जाएगी। किसान न्याय यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व किसानों को प्रातः11 बजे सैलाना पहुंचाने के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर व ग्रामीण की संयुक्त बैठक पूर्व नपाध्यक्ष मोहम्मद युसुफ कड़पा के आफिस पर संपन्न हुई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील कोचट्टा व ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमसुख पाटीदार ने बताया कि किसान न्याय यात्रा का मुख्य उद्देश्य सोयाबीन का समर्थन मूल्य 6 हजार रूपये प्रति क्विंटल करने, किसानो की सोयाबीन फसल का बीमा शीघ्र प्रदान करने के लिए न्याय यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ता व किसान 20 सितंबर को सैलाना जाने के लिए 10 बजे प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव युसूफ कड़पा के पेट्रोल पंप पर उपस्थित होगे, यहां से किसान यात्रा में शामिल होने एक साथ सैलाना के लिए निकलेगे।

इनकी रही उपस्थिति

बैठक में वरिष्ठ नेता डॉ.एचएस राठौर, पूर्व जनपद अध्यक्ष हिम्मतसिंह श्रीमाल, पार्षद लोकेश विजवा, मोहम्मद मुस्तकीम मंसूरी,अनिस कल्याणे,विनोद औरा, निजामुद्दीन, मांगीलाल पटेल, शराफत बेग, रिजवान खान, मोहन सैनी, ईश्वर धनगर, महेंद्र गंगवाल, मसूद परदेसी, राजेंद्र कल्याणे, हेमराजसिंह, मनमोहनसिंह, विमल पोखरना, गोवर्धन बोडाना, अशोक सिसोदिया, फिरोज खान, राजु मालवीय, मदनलाल पाटीदार, पप्पु नायक आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त जानकारी प्रवक्ता मसूद परदेसी ने दी।

लोकतंत्र सेनानी का सम्मान कर भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया

जावरा । देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा जिला सह कोषाध्यक्ष पिंकेश मेहरा के नेतृत्व में लोकतंत्र सेनानी का सम्मान कर वार्ड में भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया गया।

इस दौरान मेहरा व कार्यकर्ताओं द्वारा लोकतंत्र सेनानी राजमल बरैया के निवास पर पहुंचकर भाजपा का दुपट्टा ओढाकर उनका सम्मान किया। साथ ही भाजपा की सदस्यता दिलाते हुए राजमल बरैया द्वारा समाज के लिए किए गए कार्य को याद कर उनका अभिवादन कर वर्षों पूर्व 19 महिने तक समाज और देश के लिए कारावास में दिन बिताए, कांग्रेस सरकार द्वारा बिना इमरजेंसी उनको जेल में डाला गया था, उन सब बातों से कार्यकर्ता को अवगत कराया गया।

कार्यकर्ताओं के साथ में पीएम मोदी के जन्मदिवस पर संकल्प लिया कि भाजपा की सदस्यता हजारों लोगों को ग्रहण करवाएंगे तथा इस पूरे सप्ताह में स्वच्छता और सामाजिक कार्यो को करेंगे। वहीं सदस्यों द्वारा वार्ड के विभिन्न घरों पर जाकर अन्य लोगों को भी भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। इस मौके पर बिंदु बरैया, विमल बरैया, अभिषेक बोरदिया, सोनु सोनी, राहुल मेहरू, अर्चित अरोरा आदि सदस्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी तिलक शर्मा ने दी।

लोढ़ा परिवार की विनती आचार्यश्री ने की स्वीकार

जावरा से नागेश्वर तीर्थ के छहरी पालक संघ की आचार्यश्री ने की घोषणा

जावरा । श्री त्रिस्तुतिक श्रीसंघ जावरा का 100 सदस्यों का संघ राजस्थान की धन्य धरा आहोर में चार्तुमासार्थ विराजित त्रिस्तुतिक श्रीसंघ वर्तमान गच्छाधिपति आचार्य देवेश श्रीमद् विजय हितेशचंद्र सूरीश्वर मसा एवं मुनि मंडल व साध्वी मंडल से वार्षिक क्षमा याचना हेतु पहुंचा।

सर्व प्रथम श्रीसंघ जावरा की ओर से विधिवत क्षमायाचना की तथा आहोर संघ से भी मिच्छामि दुक्कड़म किया। नगर के समस्थमल लोढ़ा परिवार ने आचार्यश्री से जावरा से नागेश्वर तीर्थ का छहरी पालक संघ निकालने की भावना व्यक्त की। आचार्यश्री एवं मुनिमंडल की निश्रा में संघ मुहूर्त प्रदान करने की विनती की। नगर के समस्थमल, राजेश लोढा परिवार की पुरजोर विनती को देखकर गच्छाधिपतिजी ने आचार्य पद्वी पश्चात प्रथम छहरी पालक संघ ऊँकार चंदर संघोत्सव 4 फरवरी को निकालने का मुहूर्त की घोषणा की।

आचार्यश्री के श्रीमुख से घोषणा होते ही उपस्थित जावरा, आहोर, राजगढ संघ ने जय जय कार कर हर्ष व्यक्त किया।

आचार्यश्री ने 4 फरवरी को संघ प्रयाण का मुहूर्त एवं 8 फरवरी को संघ माला का मुहूर्त प्रदान किया। इस दौरान नगर के भूपेंद्र रुणवाल, श्रीपाल ललवानी, मनोज मेहता, संजय मेहता, पीयूष चपड़ोद, जितेंद्र संचेती, मितेश कर्नावट, सरदार लोढ़ा, संजय बाठिया, दिलीप पारख, पारस छाजेड़, दीपकराज चंडालिया, पारसमल पारख, कनकमल लोढ़ा, संजय चोरड़िया के साथ मोहनखेड़ा ट्रस्टी कमल लुनिया, जयंतीलाल चौपड़ा भी उपस्थित थे। उक्त जानकारी त्रिस्तुतिक श्रीसंघ राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल चौपड़ा ने दी।

विदाई पर आदिवासी कलाकारों ने दी नृत्य की प्रस्तुति

ढोढर । गणेश उत्सव के समापन पर ढोढर में बप्पा को धूमधाम से विदाई दी गई। नगर में कई स्थानों पर विराजीत गणपतिजी की पूजा अर्चना की गई। अंतिम दिन सभी जगहों से चल समारोह के साथ बप्पा का विसर्जन किया गया। चिकलाना रोड स्थित शिव शक्ति ग्रुप द्वारा विसर्जन जुलूस निकाला, जिसमें आदिवासी कलाकारों द्वारा आकर्षक नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। जुलूस में बड़ी संख्या में माताबहने ओर भक्तगण उपस्थित थे। पुलिस प्रशासन भी जुलूस में पूरी तरह मुस्तेद रहा।

चित्रांश सामाजिक वेलफेयर सोसाइटी ने बस स्टेंड पर की सफाई

जावरा । जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था चित्रांश सामाजिक वेलफेयर सोसाइटी द्वारा पीएम मोदी के जन्मदिन पर स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत बस स्टैंड मंदिर प्रांगण, स्टैंड परिसर की साफसफाई की गई।

इस दौरान स्वच्छता अभियान हम सब को मिलकर स्वच्छता व विकसित भारत की सोच रखनी चाहिए जिससे हम भारत माता की सेवा कर सके। जनमानस को भी सहभागिता करते हुए अभियान में सहयोग करना चाहिए। इस दौरान उपस्थित नागरिकों को कुड़ा नही फैलाने तथा ना ही दूसरो को फैलाने देने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर पार्षद शिवेंद्र माथुर, अनिल मोदी, पवन चौरसिया, लोकेश विजय, दरोगा करण कल्याणे, विश्वेंद्र माथुर, अभिषेक खराड़ी, सुनील कंडारे, पवन कल्याणे, संजय मालवीय, पुष्पराजसिंह पंवार, विजय सूर्यवंशी, अर्पितसिंह आदि उपस्थित थे।

भुतेड़ा में बेटी बचाओंबेटी पढाओं की दिलाई शपथ

जावरा । गांव भुतेड़ा में 10 दिनों तक चले गणेश उत्सव के बाद अनंत चतुर्दशी पर्व भी भुतेड़ा में धूमधाम से मनाया गया। गणेशजी के पंडाल में ग्रामवासियों को बेटी बचाओंबेटी पढाओं की शपथ दिलाई गई।

इस दौरान गांव में चल समारोह निकाल कर गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष के साथ श्रद्धालु प्रतिमा विसर्जन के लिए मलेनी नदी गए। जहां सभी गणेश प्रतिमा को एक जगह स्थापित कर महाआरती की गई।

चल समारोह में झांकियों को आकर्षक रुप से सजाया गया था। झांकियों में बज रहे डीजे की धुन पर युवा थिरकते हुए चलते रहे। झांकियों मे अनेक भजन मंडली अपनीअपनी प्रस्तुतियां देती जा रही थी।

खिचड़ी से खट्टी डकार

ट्रिन.. ट्रिन....

सर फोन बज रहा है उठा लूं ?

ये लीजिए नागपुर हेड आफिस से है।

क्यूं भाई, काहे और लाई लुटवाने पर तुले हो। बुलडोजर चलवाकर चलवाकर कर तुमने 400 पार की लाई लुटवा दी न....

भगदड़ मच गई तब समझ में आया, अभी भी नहीं चेते तो फिर और ऊपर वाली कुर्सी की आस नहीं करना, लुंगी लगाकर मीटिंग करने में कुछ नहीं होगा। अगले चुनाव के लिए कल से ही काम चालू कर दो, कल ही चले जाओ और किसी दलित के यहां खाने का नाटक करना चालू कर दो।

पर सर.. पिछली बार चुनाव के पहले जब हम दलित के घर खाना खाने गए थे तब आपने डांट लगाई थी, आपने कहा था-%नेता लोग दलितों के घर खाना खाने की ड्रामाबाजी अब बंद करें, पब्लिक है सब जानती है।

पिछली बार जो कहा था वो भूल जाओ, पिछली बातें तो जनता भी भूल चुकी है। कल तुरंत जाओ और जाकर दलित के घर खाना खाने का नाटक कर लो, ताकि जनता के बीच मेसेज चला जाय कि हम उनका कितना ध्यान रखते हैं।

कल आया, वे राजधानी से उड़नखटोले में उड़े और मुंह लटकाए बेमन से दलित की झोपड़ी में घुस गए। बाहर पचासों लाख की कारें लाइन लगाकर खड़ी होने लगीं। स्कूल की छुट्टी हो जाने से गांव भर के गरीबों के बच्चे कारों का काफिला देखने इकठ्ठे हो गए। किसी गरीब के घर के सामने अचानक इतनी सारी मंहगी कारों के काफिले देखकर भीड़ जुटनी स्वाभाविक है।

नेता जी लुंगी लगाए परछी में पालथी मारकर बैठ गये। मीडिया वालों को साथ लाये थे तो उन्होंने अलग-अलग ऐंगल से पोजिशन ले ली। सामने पतरी - दोने में खिचड़ी और टमाटर की चटनी परसी गई । बिके हुए पत्रकार धड़ाधड़ और धका-पेल कैमरे चमकाने लगे, वीडियो बनने लगे, लाइव टेलीकास्ट चलने लगा। भोजन परोसने के बाद नेता जी ने गंगाजल से आचमन किया, लुंगी को खींचकर पैरों के नीचे दबाया और होम करने के लिए अचानक आग की मांग कर दी। आचमन करके आग के चारों तरफ पानी फिरा के भोजन को शुद्ध करने की उनकी पुरानी आदत है।

सारे अधिकारी सकते में आ गए..... आग के बारे में तो किसी ने सोचा भी नहीं था न ही प्रोग्राम शिड्यूल में आग का जिक्र था। जब थोड़ा देर आग नहीं आई तो नेता जी आगबबूला हो गए। दलित को बुलाकर उज्जवला योजना की बात की। दलित ने बताया चूल्हा और सिंलडर तो मिल गया था पर गैस भराने के लिए पैसा नहीं था। देर होते देख बिना होम लगाए नेता जी ने एक चम्मच खिचड़ी खायी और मुंह बनाते हुए टमाटर की चटनी पीने लगे, दोने में छेद हो गया और टमाटर की चटनी नेता जी की कुर्ती में गिर गई। शाल और कुर्ती लाल हो गई। बाहर खड़े लाल टोपी पहिने स्कूल के बच्चों को हंसी आ गई .... नेता जी ने बच्चों को गुस्से से देखा तो पुलिस वालों ने बच्चों की भीड़ हटाने लाठीचार्ज कर दिया, भगदड़ मच गई, भगदड़ में कुछ लड़के घायल हो गए,खबर राजधानी तक पहुंच गई। एक दिन बाद पार्टी प्रवक्ता ने पत्रकारों को बताया कि बच्चे स्कूल से लौट रहे थे कि अचानक दो सांडों की लड़ाई के बीच फंस गए थे, भीड़ को तितर-बितर करने और दोनों सांड़ों को हटाने हल्का लाठीचार्ज जैसा नाटक पुलिस ने किया था, नेता जी की सुरक्षा के लिए यह सब जरूरी भी था, परन्तु अब स्थिति नियंत्रण में है।जांच कमेटी बना दी गई है। घटना स्थल से कुछ लाल टोपी बरामद की गई हैं। घायलों को पर्याप्त मुआवजा राशि देने की घोषणा कर दी गई है।

जय प्रकाश पाण्डेय
जय नगर जबलपुर

कटाक्ष

आतिशी मार-लेना मैदान

केजरीवाल ने बनाया प्लान,
इस्तीफे का भी किया ऐलान।
रहेगी बरकरार मेरी भी शान।
बोले आतिशी मार-लेना मैदान।
रह गए पीछे उनके खास साथी,
मनीष,संजय, सौरभ रहें बाकी।
सुनीता की बिना पद है झांकी।
मेरे पास है दिल्ली की जीतन।
नहीं काटने दूंगा ज्यादा फीतन।
सुनो मैं हरियाणे का सच्चा हूँ।
कुर्सी पकड़ के बैठा था मैं तो।
राजनीति का बहादुर बच्चा हूँ।
कितने मुझ पर लगाओ आरोप।
मैं पंजाब जैसा पौधा दूँगा रोप।
भले ही कोई मुझे कहे बेलदार,
यही है नाटक-नौटंकी खेलदार।
कहने दो उन्हें डमी है-डमी है।
भला आतिशी में कोई कमी हैं,
दूध, घी व मक्खन सब सही हैं।
चलो हरियाणा ही निकलते हैं,
हुड्डा जी को परेशान करते हैं।

संजय एम. तराणेकर
इंदौर (मध्यप्रदेश)
98260-25986

कार्टून कोना.....

हरियाणा चुनाव : सत्ता का चक्रव्यूह

गत 16 सितंबर को हरियाणा में नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि समाप्त हो गयी। प्राप्त समाचारों के अनुसार राज्य में 190 उम्मीदवारों ने नामांकन वापस ले लिया है। नाम वापस लेने वालों में भारतीय जनता पार्टी व कांग्रेस के कई बाग़ी उम्मीदवार भी शामिल हैं। इनमें सिरसा विधानसभा की सीट ऐसी भी है जहां बीजेपी प्रत्याशी रोहतास जांगड़ा ने भी अपना नामांकन वापस ले लिया है। रोहतास जांगड़ा ने मीडिया को बताया कि पार्टी के कहने पर ही उन्होंने पर्चा दाखिल किया था और पार्टी के कहने पर ही उन्होंने अपना नाम वापस भी ले लिया है।

क़यास लगाये जा रहे हैं कि सिरसा विधानसभा सीट पर अब भाजपा हरियाणा लोकहित पार्टी के प्रमुख पूर्व मंत्री गोपाल कांडा को अपना समर्थन दे सकती है। खबर यह भी है कि इस %सौदेबाज़ी% के तहत गोपाल कांडा की हरियाणा लोकहित पार्टी रानियां सीट पर अपने उम्मीदवार के बजाये भाजपा उम्मीदवार को समर्थन दे सकती है। अंबाला की दो विधानसभा सीटों को लेकर भी कुछ ऐसी ही स्थिति बनी हुई है। अम्बाला शहर की सीट पर भाजपा ने यहां से दो बार विधायक रहे असीम गोयल को तीसरी बार भी मैदान में उतरा है।

गोयल, नायब सिंह सैनी के मंत्रिमंडल में पहली बार राज्य मंत्री भी बनाये गए हैं। कांग्रेस के दो मज़बूत बाग़ी उम्मीदवारों पूर्व विधायक जसबीर मलोर तथा युवा नेता हिम्मत सिंह के नामांकन पत्र भरने की वजह से असीम गोयल के लिये तीसरी बार भी यह सीट जीतना आसान लग रहा था। परन्तु नामांकन पत्र वापस लेने के अंतिम दिन सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने स्वयं अंबाला पहुंचकर कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी व पूर्व मंत्री चौधरी निर्मल सिंह के पक्ष में इन दोनों कांग्रेस नेताओं के नामांकन वापस करा दिये। इसके बाद अब यह माना जा रहा है कि निर्मल सिंह की जीत का रास्ता प्रशस्त हो गया है।

उधर अम्बाला छावनी की सीट पर गत छः बार के विधायक रहे पूर्व गृह व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं। उनका मुक़ाबला वैसे तो कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी परिमल परी से है जो पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। परन्तु इसी सीट पर चित्रा सरवारा भी निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रही हैं। चित्रा सरवारा कांग्रेस के अंबाला शहर के प्रत्याशी व पूर्व मंत्री चौधरी निर्मल सिंह की बेटी हैं। 2019 तक चौधरी निर्मल सिंह कांग्रेस में थे। बाद में कांग्रेस छोड़कर कुछ समय के लिये आम आदमी पार्टी में भी शामिल हुये।

कुछ समय पूर्व ही पिता-पुत्री की पुनः घर वापसी हुई है। चित्रा 2019 में भी विज के विरुद्ध निर्दलीय चुनाव लड़कर 44 हज़ार वोट ले चुकी थीं इसलिये इस बार वह कांग्रेस से टिकट मांग रही थीं। परन्तु पार्टी ने एक ही ज़िले से पिता पुत्री को एक साथ टिकट न देने का निर्णय तो लिया। परन्तु जिस सक्रियता से निर्मल सिंह के विरुद्ध लड़ने जा रहे दो बाग़ियों के नाम वापस कराये गये उसी तरह स्वयं निर्मल सिंह की बेटी ने अपना नामांकन कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी परिमल परी के पक्ष में वापस क्यों नहीं लिया इस बात को लेकर रहस्य बना हुआ है। बहरहाल नामांकन वापस लेने के बाद अब 90 विधानसभा के लिये 5 अक्टूबर को होने वाले इस चुनाव में विभिन्न दलों के कुल 1031 प्रत्याशी अपना भाग्य आज़मा रहे हैं।

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना हरियाणा चुनावी दौरा भी शुरू कर दिया है। गत दिनों मोदी जम्मू कश्मीर से एक चुनावी सभा सम्बोधित करने के बाद कुरुक्षेत्र की जन आशीर्वाद रैली में पहुंचे। यहाँ उनके भाषण में मुख्यतः कांग्रेस ही निशाने पर रही। उन्होंने कांग्रेस पर परिवारवाद व भ्रष्टाचार का आरोप तो लगाया ही साथ ही यह भी बताया कि किस तरह कांग्रेस शासित राज्य वित्तीय संकट से बुरी तरह जूझ रहे हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में कथित आर्थिक संकट का ज़िक्र किया तथा उनकी जनता को मुफ़्त दी जाने वाली योजनाओं पर निशाना साधा तथा वित्तीय संकट के लिये इसी रेवड़ी कल्चर को ज़िम्मेदार ठहराया। हिमाचल प्रदेश का नाम लेकर उन्होंने कई उदाहरण भी दिये। हालांकि प्रधानमंत्री के इस आरोप का जवाब देने के लिये कांग्रेस की ओर से अगले ही दिन पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने चंडीगढ़ में एक प्रेस वार्ता की। चिदंबरम ने कांग्रेस शासित राज्यों में आर्थिक संकट के आरोपों को सिरे से ख़ारिज किया और कहा कि प्रधान मंत्री मोदी हमेशा सही नहीं बोलते। हर राज्य की स्थितियां अलग होती हैं। उल्टे चिदंबरम ने हरियाणा की भाजपा सरकार से ही बेरोज़गारी, क़र्ज़ और किसानों के मुद्दों पर आंकड़ों के साथ सवाल किये।

उधर तीसरी बार सत्ता में वापसी को आतुर दिखाई दे रही भाजपा के प्रत्याशियों को अनेक विधानसभा क्षेत्रों में जनता ख़ासकर किसानों के भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। यहाँ तक कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पूर्व हल्के नारायणगढ़ के भाजपा प्रत्याशी को भी किसानों ने कुछ गावों में घुसने नहीं दिया और नारेबाज़ी कर उन्हें वापस जाने के लिये मजबूर किया। इसी तरह अनिल विज को भी अपने क्षेत्र में ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। उधर कांग्रेस पार्टी जो कुछ समय पहले तक राज्य में क्लीन स्वीप करती दिखाई दे रही थी उसमें अब डैमेज कंट्रोल की ज़रूरत आ पड़ी है।

इसका मुख्य कारण है पार्टी की भीतरी गुटबाज़ी व इसके कारण पैदा होने वाले विवाद। दरअसल पिछले दिनों हरियाणा में तेज़ी से एक वीडिओ वायरल हुआ जिसमें कथित रूप से कोई भूपेंद्र हुड्डा समर्थक बुजुर्ग, कुमारी शैलजा के बारे में जातिसूचक अपमानजनक टिप्पणी करता सुनाई दिया। यह वीडिओ कांग्रेस विरोधियों द्वारा यही कहकर प्रसारित की गयी कि यह कांग्रेस का दलित विरोधी चेहरा है%। हालांकि इस आपत्तिजनक वीडिओ के वायरल होने के बाद स्वयं हुड्डा ने रोहतक में पत्रकारों से बात की और कहा कि - शैलजा उनकी बहन हैं और पार्टी की एक सम्मानित नेता हैं। कोई भी कांग्रेस कार्यकर्ता ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं कर सकता है, और ऐसे लोगों के लिए पार्टी के अंदर कोई जगह नहीं है। जाति, धर्म के आधार पर लोगों को आपस में लड़वाना बीजेपी का काम है।

हुड्डा ने ये भी कहा कि कांग्रेस पार्टी का कोई भी शख़्स ऐसी बात नहीं कह सकता है। दरअसल कुमारी शैलजा राज्य की सबसे वरिष्ठ दलित महिला नेता तथा इस वर्ग की मुख्यमंत्री पद की इकलौती दावेदार हैं। परन्तु कांग्रेस ने जिन 89 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं उनमें 72 प्रत्याशी अकेले भूपेंद्र सिंह हुड्डा समर्थक बताये जा रहे हैं जबकि सिरसा से लोकसभा में प्रतिनिधित्व कर रही पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा के केवल 9 समर्थक प्रत्याशी ही टिकट हासिल करने में कामयाब हुये हैं। गोया टिकट वितरण से ही हुड्डा खेमे का पल्ला भारी है।

अब देखना यह होगा कि कई क्षेत्रों में बाग़ियों के चुनाव लड़ते तथा शैलजा खेमे के साथ साथ उन पर की गयी आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर दलित समाज में उपजे रोष के बीच हुड्डा खेमे पर लगभग आश्रित नज़र आती कांग्रेस अपने बल पर भाजपा से सत्ता छीन सकेगी या फिर हरियाणा को 2019 की ही तरह राज्य में चुनाव लड़ रहे इनेलो,जजप,बसपा आज़ाद समाज पार्टी या विजयी होकर आने वाले अन्य स्वतंत्र निर्वाचित सदस्यों की बैसाखी की सरकार मिलेगी ?

निर्मल रानी

कांग्रेस विधायक सप्रे की सदस्यता पर 20 दिन के भीतर होना है फैसला

विधानसभा अध्यक्ष को लेना है कांग्रेस की याचिका पर निर्णय

इंदौर। लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गई सागर जिले के बीना से कांग्रेस विधायक निर्मला सप्र के विधायकी से इस्तीफा देने पर अभी भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। पिछले हफ्ते मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के बीना प्रवास के दौरान सप्रे के विधायकी छोडने की संभावना थी, लेकिन सप्रे ने विधायकी से इस्तीफा नहीं दिया है। इसकी वजह यह बताई जा रही है कि सप्रे बीना को जिला बनाने की जिद पर अड़ी हुई हैं। इधर कांग्रेस विधायक दल द्वारा 5 जुलाई को विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर को सप्रे की सदस्यता निरस्त करने को लेकर जो अभ्यावेदन दिया था। उस पर निर्णय लेने की तिथि नजदीक आती जा रही है। अध्यक्ष को 5 अक्टूबर से पहले कांग्रेस के अभ्यावेदन पर अनिवार्य रूप से निर्णय लेना होगा।

निर्मला सप्रे सागर जिले की बीना विधानसभा से पहली बार की विधायक हैं। सागर से कांग्रेस की इकलौती विधायक हैं। सागर लोकसभा चुनाव के लिए मतदान से पहले सप्रे ने अचानक भाजपा के मंच पर आकर पार्टी बदलने का ऐलान कर दिया था। हालांकि उन्होंने अभी तक न तो भाजपा की सदस्यता ली है और न ही विधायकी से इस्तीफा दिया है।



वहीं इधर कांग्रेस के अभ्यावदेन पर विधानसभा सचिवालय ने काम शुरू कर दिया है। सप्रे की सदस्यता समाप्त करने के लिए कांग्रेस ने जो तर्क पेश किए हैं, उनका परीक्षण कराया जा रहा है। इसके बाद अध्यक्ष 5 अक्टूबर से पहले अपना फैसला सुना देंगे। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दलबदल कानून के तहत जो व्यवस्था दी है उसके परिपालन में विधानसभा या लोकसभा अध्यक्ष को ऐसे मामलों में 3 महीने के भीतर अपना निर्णय लेना अनिवार्य है।

अब निर्मला को सता रहा हार का डर!

भाजपा में शामिल होने के बाद विधायकी से इस्तीफा देने के सवाल पर निर्मला सप्रे हर बार एक ही जवाब देती हैं कि जब पार्टी (भाजपा) कहेगी तब वे इस्तीफा दे देंगी। जबकि इस्तीफा नहीं देने की यह भी वजह सामने आ रही है कि निर्मला को लेकर सागर भाजपा में गुटबाजी की स्थिति बन गई है। भाजपा का एक बड़ा खेमा निर्मला को उपचुनाव लड़ाने के पक्ष में नहीं है। यदि उपचुनाव के दौरान भाजपा गुटों में बंटती है तो फिर निर्मला सप्रे का उपचुनाव जीतना मुश्किल हो जाएगा। फिलहाल इस्तीफा से पहले निर्मला सप्रे बीना को जिला बनाने की मांग पर अड़ गई है।

पिछले हफ्ते सरकार ने जिला एवं संभागों की सीमाएं तय करने के लिए प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग का गठन कर दिया है। आयोग की सिफारिशों के आधार पर ही नए जिले बनेंगे। यदि आयोग की सिफारिशों के आधार पर बीना को जिला बनाया जाएगा तो इसके लिए एक-दो साल का इंतजार करना पड़ सकता है।

भाजपा में शामिल होकर ये छोड़ चुके हैं विधायकी

हालांकि लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के दो अन्य विधायक कमलेश शाह और रामनिवास रावत ने भी भाजपा में शामिल होकर विधायकी छोड़ दी थी। इनमें से कमलेश शाह भाजपा के टिकट पर फिर से विधायक बन चुके हैं। जबकि रामनिवास रावत मंत्री बन गए हैं। मंत्री पद पर बने रहने के लिए रावत को उपचुनाव जीतकर आना पड़ेगा। निकट भविष्य में चुनाव आयोग विजयपुर के साथ-साथ बुधनी विधानसभा सीट से उपचुनाव की घोषणा कर सकता है। दोनों सीटों पर उपचुनाव की घोषणा से पहले संभावना है कि निर्मला सप्रे भी विधायकी से इस्तीफा देकर फिर से उपचुनाव में जाएंगी।

मुफ़्त की रेवड़ी पर बहस करना बेईमानी होगा !

साख पर सवाल और दाग अब महंगे पड़ रहे.....

राकेश चौकसे की कलम से

मध्यप्रदेश मे पिछले विधानसभा चुनाव में मिली हार को जीत में बदलने में लाड़ली बहना (प्रिय बहना)नामक योजना अब तक की सबसे बड़ी केश फ़ार वोट योजना बीजेपी ने लाँच की थी। इस योजना के बूते नतीजा भी पार्टी पक्ष में ही आया।

लाडली बहना योजना को लाने वाले शिवराज सिंह चौहान ने राज्य चुनाव मे प्रदेश मे बड़ी जीत दिलवाने मे महती भुमिका का निर्वहन किया था। किन्तु रिजल्ट आने के बाद जीत का तमगा शिवराज को सौंपने के बजाए बड़े चुनावी समर का इंतजार कर मोहन यादव को मुख्यमंत्री और शिवराज सिंह चौहान को केंद्रीय कृषि मंत्री के तमगे से नवाजा गया। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश मे संपन्न चुनावी रैलियों मे लाडली बहना योजना से दुर नही रह सके।

या यू कहे चुनाव प्रचार में लाडली बहना अभियान से खुद को जुदा नहीं कर पाए थे ! चुनावी सर्वे कांग्रेस की सरकार दर्शा रहा था वही मातृ संस्था आरएसएस (संघ + ठन) द्वारा करवाए सर्वे मे पार्टी को चुनाव मे 60 सीट पर सिमटने की घोषणा ने पार्टी मे उथल पुथल मचा रखी थीं इस उथल पुथल से दिल्ली दरबार की नींद भी उडी हुई थीं!

मरता क्या ना करता की तर्ज पर शिव! की सारी बाते मानी गई और कर्ज लेकर घी पीने की परंपरा का निर्वाह अबाध गति से जारी रहा! किन्तु जिस लाडली बहना के बूते दांव चला गया था उसी लाडली बहना का लाभ पार्टी को राज्य मे पूर्ण बहुमत की सरकार के साथ लोकसभा चुनाव में 28 मे से 28 सीट जीत के साथ मिला । मतलब साफ है नेताओ को अपने लाभ से मतलब है किसी विधवा विलाप की कोई गुंजाइश भी नहीं बची। आने वाले समय मे महाराष्ट्र में भी सत्ता की निरंतरता के लिए लाड़ली बहना योजना की कॉपी पेस्ट कर मतदाताओं के सामने परोस दी गई है। यहाँ भी सत्ता से बाहर रहने के चुनावी सर्वे ने पार्टी को पूर्ण बहुमत का बताना शुरु कर दिया है।

गौरतलब बात यह है कि महाराष्ट्र में 31 अगस्त 2024 तक आवेदन करने वाली महिलाओं (18 से 60 की उम्र) को तीन माह का भुगतान एक साथ किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

इसके लिए बाक़ायदा पूरे महाराष्ट्र में बीजेपी के आमदार और खासदार (विधायक और सांसद) के कार्यालयों के बाहर बढ़े-बढ़े पोस्टर नरेंद्र मोदी के साथ मुख्यमंत्री से उप मुख्यमंत्री बने देवेंद्र फड़नवीस के चित्र के साथ देखे जा रहे है। योजनाओ का लाभ किसको दे! पर मंथन हुआ भी किन्तु यह बात अलग है कि राज्य मे सत्ता आते ही जीत को ब्रांड मोदी की सफलता के रूप में प्रचारित किया जाने लगता है जिससे इस तरह की योजनाओं से मिली सफलता की धुंधला किया जा सके।

कांग्रेस ने यही अपराध हिमाचल प्रदेश में किया और आर्थिक तंगी के शुरुआती नतीजे वहाँ आने लगे। तब सबकी नज़र इस रेवड़ी पर पड़ी। हमाम में सभी राजनीतिक दल सिर्फ़ सत्ता चाहते है और उसके लिए किसी भी स्तर के नुक़सान को देखने से उनको कोई गुरेज़ नहीं है। अब इस बात का कोई मतलब नहीं कि हम कब उन देशों की पंक्ति में आएगे जिन्हें कोई कर्ज देने को तैयार नहीं। खैर, कर्ज लीजिए, घी पीजिए, वैसे भी सत्ता का नशा ही कुछ अलग है, जो चढ़ जाए तो उतरना मुश्किल होता है और उतरता दिखे तो और भी ज़्यादा तकलीफ़ देता है।

मुफ्त की रेवड़ी पर बहस करना बेईमानी होगा क्योंकि साख पर सवाल और दाग अब महंगे पड़ रहे है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड,
इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com